आईसीआईसीआई सिक्योरिटी की रिटेल इकाई में शोध प्रमुख पंकज पांडेय ने कहा कि अगर स्थिति सामान्य होती है तो तेल एवं गैस कंपनियां कुछ नुकसान की भरपाई कर सकती है। चालू तिमाही में भी मुनाफे में कुछ सुधार की उम्मीद है।

अक्षय ऊर्जा पर बढ़ रहा बिजली कंपनियों का जोर

श्रेया जय और अमृता पिल्लै
नई दिल्ली/मुंबई, 28 अगस्त

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी निवेशकों के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण (इन्वेस्टर प्रजेंटेशन) के पहले पृष्ठ पर वर्षों से बड़े तापीय विद्युत संयंत्रों की तस्वीरों के जरिये अपनी उपलब्धियों का बखान करती थी। लेकिन अगस्त में कंपनी के इस दस्तावेज का चोला बदल गया। अगस्त 2020 में निवेशकों के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण में बिजली संयंत्रों की जगह एक नन्हे पौधे की तस्वीर छपी थी। इसके नीचे 'जेनरेटिंग ग्रोथ फॉर जेनरेशन' लिखा हुआ था, जो वास्तव में एनटीपीसी की कारोबारी योजनाओं में एक बड़े बदलाव का संकेत दे रहा था। यह इस बात की ओर भी इशारा करता है कि ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियां क्षमता विस्तार के बजाय अब टिकाऊ विकास पर ध्यान अधिक केंद्रित कर रही हैं।

इस बदलाव की एक और वजह है। दरअसल वैश्विक स्तर पर बिजली परियोजनाओं के लिए धन मुहैया कराने वाली इकाइयों और कर्जदाताओं ने जीवाश्म ईंधन परियोजनाओं से धीरे-धीरे नाता तोड़ने का मन बना लिया है। इसके मद्देनजर हालात भांपते हुए ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों भी अब अक्षय ऊर्जा पर जोर दे रही हैं और ताप ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की तरफ बढ़ रही हैं। एनटीपीसी सबसे पहले 2012 में अक्षय ऊर्जा कारोबार में उतरी थी। कंपनी ने इस महीने के शुरू में निवेशकों को बताया कि वह 2032 तक कुल बिजली उत्पादन में 30 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म स्रोतों का चाहती है। कंपनी इस अवधि तक मौजूदा 62 गीगावॉट से 130 गीगावॉट क्षमता वाली कंपनी बनने की योजना तैयार की है। अप्रैल में निवेशकों के साथ संवाद में एनटीपीसी के प्रबंधन ने कहा,'हम कोयला आधारित संयंत्र की संख्या में इजाफा करना बंद नहीं करेंगे, लेकिन अंतत: हमें अक्षय ऊर्जा की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाना ही होगा।'

कंपनी	मौजूदा अक्षय ऊर्जा क्षमता	क्षमता विस्तार की योजना
एनटीपीसी	अपनी: 928 डेवलपर: 3,983	2032 तक 32,000
अदाणी पावर	13,990	2025 तक 25,000
टाटा पावर	2,600	2025 तक 15,000
जेएसडब्ल्यू	10	2030 तक दो तिहाई अक्षय ऊर्जा क्षमता
सेंकॉर्प इंडिया	1,730	उपलब्ध नहीं

स्रोत: कंपनियां (क्षमता मेगावॉट में)

निजी क्षेत्र की बिजली कंपनियों ने भी कोयला आधारित बिजली संयंत्रों पर निर्भरता कम करने का मन बना लिया है। मिसाल के तौर पर जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टाटा पावर ने अब ताप विद्युत क्षमता में और इजाफा नहीं करने का निर्णय लिया है। पिछले महीने सज्जन जिंदल प्रवर्तित जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने कहा था कि इसने शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है, जिसे वह 2050 तक पूरा करना चाहेगी। कंपनी तब तक कोयला आधारित अपने सभी संयंत्र बंद करना चाहती है।

वैश्विक फंड मैनेजर ब्लैकरॉक ने इस वर्ष जनवरी में कहा था कि कार्बन उत्सर्जन की अधिकता, नियामकीय स्तर पर जोखिम और आर्थिक नुकसान के खतरे को देखते हुए यह कोयला आधारित सभी ताप बिजली परियोजनाओं को मुहैया कराई पूंजी निकाल लेगी। ब्लैकरॉक ने कोल इंडिया, एनटीपीसी और अदाणी एंटरप्राइजेज में बड़े पैमाने पर निवेश किए हैं। अमेरिका स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी, इकोनॉमिक्स ऐंड फाइनैंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार लगभग 20 सॉवरिन फंड, परिसंपत्ति प्रबंधकों और पेंशन फंडों ने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को रकम देने से दूरी बनाने की घोषणा की है।

इस नए बदलाव पर टाटा पावर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी प्रवीर सिन्हा ने कहा, 'विदेशी बैंक कोयला आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए रकम देने से मना कर रहे हैं। इससे अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए मोटी रकम आसानी से उपलब्ध हो रही है।' (शेष पृष्ठ 2 पर)

स्वच्छ ऊर्जा पर जोर

संक्षेप में

क्रिसिल ने येस बैंक की रेटिंग बढ़ाई

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने येस बैंक के सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीडी) की रेटिंग को 'ए2' से बढ़ाकर 'ए2 प्लस' कर दिया है। बैंक के फंडिंग फंडिंग एवं नकदी प्रोफाइल में सुधार होने के मद्देनजर रेटिंग बढ़ाई गई है। हाल में जुटाई गई पूंजी और जमा में धीरे-धीरे हुई वृद्धि के कारण ऐसा संभव हुआ है। निजी क्षेत्र के इस बैंक ने मार्च 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक से विशेष सुविधा के लिए लिए गए 50,000 करोड़ रुपये में से 35,000 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। बैंक ने निर्धारित समय से पहले यह भुगतान किया है। इसके अलावा बैंक के नकदी कवरेज अनुपात (एलसीआर) में भी हाल के महीनों में सुधार हुआ है। बैंक का एलसीआर 30 जून 2020 तक सुधरकर 114.1 फीसदी हो गया जो 31 मार्च 2020 को 37 फीसदी रहा था। क्रिसिल ने कहा है कि बैंक की कुल जमा 30 जून 2020 तक बढ़कर 1.17 लाख करोड़ रुपये हो गई जो 31 मार्च 2020 को 1.05 लाख करोड़ रुपये रही थी। *बीएस*

मिल्कबास्केट अगले साल ला सकती है आईपीओ

डेयरी संबंधी उत्पादों के आपूर्ति मंच मिल्कबास्केट ने अगले साल की दूसरी छमाही में आईपीओ लाने की योजना बनाई है। कंपनी ने एक अधिकारी ने बयाया कि कोरोना वायरस महामारी के बीच हाल के महीनों में उसका कारोबार तेजी से बढ़ा है। मिल्कबास्केट के सह-संस्थापक और सीईओ अनंत गोयल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि महामारी के दौरान किराने का सामन घर पर मंगाने की लोगों में आदत बढ़ी है और ऐसे में एक साल के भीतर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए कंपनी का हौसला बढ़ा है। मिल्कबास्केट की शुरुआत 2015 में हुई थी और यह पांच शहरों- दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और बेंगलुरु में एफएमसीजी, डेयरी और सब्जियों की आपूर्ति करती है। *भाषा*

सेबी ने धोखाधड़ी वाली 14 कंपनियों पर लगाया जुर्माना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने करीब तीन साल पहले वाणी कमर्शियल्स के शेयरों में धोखाधड़ी वाली गतिविधियों के लिए 14 इकाइयों पर 70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि इन 14 व्यक्तिगत लोगों ने कंपनियों के शेयरों में सांठगांठ में आपसी कारोबार किया और कृत्रिम तरीके से कारोबार के आंकड़े को बढ़ाया। नियामक ने 26 मई, 2017 से 30 अक्टूबर, 2017 के दौरान कंपनी के शेयरों में कारोबार की जांच की। सेबी ने प्रत्एक इकाई पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। *भाषा*

आईटीः सुधार को यूरोप से रफ्तार

सितंबर तिमाही में आईटी कंपनियों की वृद्धि को यूरोपीय बाजार से मिल रहा दम

साई ईश्वर
मुंबई, 28 अगस्त

सितंबर तिमाही के दौरान आईटी सेवा प्रदाताओं की वृद्धि को यूरोपीय बाजार से रफ्तार मिलने की उम्मीद है। यूरोप में आईटी सेवाओं की मांग में सुधार होने और आसपास के केंद्रों में आईटी सेवा प्रदाताओं द्वारा निवेश बढ़ाने से वृद्धि को सहारा मिलेगा।

वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के दौरान यूरोपीय बाजारों में सुधार के संकेत पहले ही दिख चुके हैं। इन्फोसिस के लिए यूरोप एकमात्र ऐसा वैश्विक बाजार रहा है जहां पहली तिमाही के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने पहली तिमाही के दौरान यूरो में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि यूरोप में बाजार हिस्सेदारी के लगातार बढ़ने और बाहरी नियुक्तियां सुचारु होने से टीसीएस की वृद्धि को रफ्तार मिली। जबकि यूरोप और आसपास के क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने से इन्फोसिस की वृद्धि को सहारा मिला।

विश्लेषकों ने भी कहा है कि यूरोपीय आयोग द्वारा घोषित 825 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज से बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र को मदद मिलेगी जिससे अंततः भारतीय आईटी कंपनियों को भी फायदा होगा। शेयरखान के उपाध्यक्ष संजीव होता ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि यूरोप के बीएफएसआई ग्राहक लागत कुशलता के लिए प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी में निवेश जारी रखेंगे। इससे कम लागत वाली जगहों के लिए आउटसोर्सिंग एवं ऑफशोरिंग को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा, 'प्रोत्साहन उपायों से बड़े बैंकों की नकदी की स्थिति में सुधार होगा जिससे डिजिटल प्रक्रियाओं को लागू करने में तेजी आने के आसार हैं।'

पिछले महीने घोषित सुधार पैकेज में 5जी और 6जी नेटवर्क में काफी निवेश करने की बात कही गई है। इससे मुख्य तौर पर स्वास्थ्य, परिवहन एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस पैकेज के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबरसिक्योरिटी एवं क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी प्रौद्योगिकी विकास एवं उन्नयन पर भी खर्च करने की बात कही गई है। इससे मुख्य तौर पर भारतीय आईटी सेवा प्रदाताओं को फायदा होने का अनुमान है।

वास्तव में चीन के बाद कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित होने वाला पहला क्षेत्र यूरोप रहा है और इस महामारी के प्रकोप के बाद सबसे पहले खुलने वाला बाजार भी यूरोप ही रहा है। टीसीएस के सीईओ एवं एमडी राजेश गोपीनाथ ने कहा, 'आर्थिक गतिविधियों से लेकर मांग के लिहाज से यूरोप अन्य बाजारों के मुकाबले काफी आगे है।' उन्होंने कहा, 'शुरुआत में यूरोप सबसे अधिक प्रभावित हुआ था लेकिन उन्होंने इस वैश्विक महामारी को नियंत्रित कर लिया और बाजार को खोल दिया। इसलिए हम निश्चित तौर पर हमारा मानना है कि अगली तिमाही (जुलाई से सितंबर) में यूरोप का प्रदर्शन बेहतर रहेगा।'

टाटा समूह की इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही में यूरोप में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। तिमाही के दौरान यूरोप में कंपनी ने एक साल पहले के मुकाबले 2.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। उसके बाद लैटिन अमेरिका में स्थिर मुद्रा आधार पर 0.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि शेष अन्य बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। इन्फोसिस के लिए भी यूरोप एकमात्र ऐसा वैश्विक बाजार रहा जहां जून तिमाही में उसने सालाना आधार पर 4.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की।

कारोबार में सुधार



- इन्फोसिस ने एकमात्र वैश्विक बाजार यूरोप में पहली तिमाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की
- टीसीएस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान यूरोप में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की

दिनेश खारा एसबीआई के नए चेयरमैन होंगे

अभिजित लेले
मुंबई, 28 अगस्त

दिनेश कुमार खारा

बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए दिनेश कुमार खारा का नाम सुझाया है। एसबीआई चेयरमैन की नियुक्ति पर सरकार निर्णायक फैसला लेगी। यदि खारा को चुना जाता है तो वह रजनीश कुमार की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2020 में समाप्त हो रहा है।

बीबीबी ने एक बयान में कहा है कि चेयरमैन पद के लिए 28 अगस्त 2020 को एसबीआई के चार प्रबंध निदेशकों के साथ विचार-विमर्श हुआ है। ब्यूरो ने कहा है कि इंटरफेस में उनके शानदार प्रदर्शन और वैश्विक अनुभव को ध्यान में रखते हुए बीबीबी ने चेयरमैन के पद के लिए दिनेश कुमार खारा के नाम की सिफारिश की है।

चेयरमैन पद के लिए सी एस सेट्टी का नाम रिजर्व लिस्ट में उम्मीदवार के तौर पर सुझाया गया था। दो अन्य एमडी अरिजित बसु और अश्विनी भाटिया हैं। बासु अगले महीने सेवानिवृत हो रहे हैं। भाटिया को इस महीने के शुरू में एमडी पद की कमान सौंपी गई थी।

खारा को तीन साल के कार्यकाल के लिए 10 अगस्त को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था। बाद में उनके कार्यकाल को दो साल बढ़ा दिया गया। वह 1984 में प्रोबेशनरी ऑफीसर के तौर पर एसबीआई में शामिल हुए थे। उन्होंने एफएमएस न्यू डेल्ही से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में अपनी स्नातकोत्तर की डिग्री ली। वह सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (सीएआईआईबी) भी हैं।

अपने लगभग 36 वर्षों के करियर में वह रिटेल क्रेडिट, एसएमई/कॉरपोरेट क्रेडिट, डिपोजिट मोबीलाइजेशन, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग परिचालन, शाखा प्रबंधन जैसे वाणिज्यिक बैंकिंग की विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। उन्होंने पांच एसोसिएट बैंकों और भारतीय महिला बैंक के एसबीआई के साथ विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विमान कंपनियां फिर शुरू कर सकती हैं खान-पान सेवा

अरिंदम मजूमदार
नई दिल्ली, 28 अगस्त

केंद्र ने एयरलाइनों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, दोनों के लिए ऑन-बोर्ड मील्स मुहैया कराने की अनुमति दे दी है।

विमानों में खाने-पीने के पदार्थ बेचना सस्ती एयरलाइनों के सहायक राजस्व के लिए प्रमुख स्रोत है। 25 मई से उड़ानों के पुनः संचालन के वक्त सरकार द्वारा भोजन और बेवरेज सेवा पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसकी वजह से भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को अप्रैल-जून अवधि में अपने सहायक राजस्व में 81.3 प्रतिशत तक की कमी का सामना करना पड़ा।

घरेलू उड़ानों के लिए नए एसओपी के अनुसार, सिर्फ प्री-पैक्ड स्नैक्स और बेवरेज के लिए अनुमति दी गई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मामले में, एयरलाइनें सीमित बेवरेज (शराब समेत) के साथ गर्म भोजन परोस सकती हैं।

हालांकि सरकार ने यह अनिवार्य बनाया है कि सभी मील्स पूरी तरह नष्ट किए जाने लायक ट्रे सेट-अप, प्लेट और कटलरी में ही मुहैया कराए जाएंगे। बेवरेज को सिंगल-यूज डिस्पोजेबल यूनिट में मुहैया कराया जाएगा।

सरकारी आदेश में कहा गया है, 'विमान में मौजूद कर्मी को हरेक मील या बेवरेज परोसने के लिए हर बार नए दस्ताने पहनने होंगे।'

विस्तारा का घाटा बढ़कर 1,814 करोड़ रुपये हुआ

अनीश फडणीस
मुंबई, 28 अगस्त

वित्त वर्ष 2020 में विस्तारा का शुद्ध नुकसान बढ़कर 1,814 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2019 में 831 करोड़ रुपये था। ऊंची परिचालन लागत की वजह से एयरलाइन को दबाव का सामना करना पड़ा है। समान वर्ष में राजस्व 58 प्रतिशत बढ़कर 4,738 करोड़ रुपये पर रहा, क्योंकि एयरलाइन ने कई विमान शामिल किए और अपने नेटवर्क का विस्तार किया है, लेकिन ऊंची लागत और चौथी तिमाही में सुस्त यात्री मांग से वित्तीय परिणाम प्रभावित हुआ।

यह टाटा संस-सिंगापुर एयरलाइंस के इस संयुक्त उपक्रम के लिए 2015 में परिचालन शुरू होने के बाद से एक वर्ष में सबसे बड़ा नुकसान है। राजस्व और नुकसान का आंकड़ा टाटा संस की 2019-20 की सालाना रिपोर्ट में शामिल है। दो संयुक्त उपक्रम भागीदारों ने एयरलाइन की विकास योजनाओं को समर्थन देने के लिए रकम मुहैया कराई है। सालाना रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टाटा सिंगापुर एयरलाइंस (विस्तारा) की 5,320 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी और 4,477 करोड़ रुपये का नकारात्मक रिजर्व और सरप्लस है।

नवीकरणीय ऊर्जा पर बढ़ रहा बिजली कंपनियों का जोर

पृष्ठ 1 का शेष...

अदाणी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन गौतम अदाणी ने जनवरी में लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा था कि उनका समूह ऊर्जा क्षेत्र के लिए रखी गई रकम में 70 प्रतिशत से अधिक स्वच्छ ऊर्जा एवं ऊर्जा क्षमता के विकास पर खर्च करेगी। अदाणी समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने 2025 तक 25 गीगावॉट क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

प्रवक्ता ने कहा कि इससे भारत को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही सीओपी 21 लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलेगी।

इसी तरह, जेएसडब्ल्यू एनर्जी के मुख्य कार्याधिकारी प्रशांत जैन ने कहा, 'अगले तीन से पांच वर्षों के दौरान जेएसडब्ल्यू 10 गीगावॉट क्षमता वाली कंपनी बन जाएगी। पहले हम ताप एवं अक्षय ऊर्जा दोनों की मदद से यह लक्ष्य हासिल करना चाहे थे, लेकिन अब हम अकेले अक्षय ऊर्जा खंड में यह क्षमता हासिल कर लेंगे।' टाटा पावर भी अपने बिजली कारोबार में 2025 तक 60 प्रतिशत हिस्सा अक्षय ऊर्जा का हासिल करना चाहती है। कंपनी यह आंकड़ा 2030 तक बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर देगी और 2050 तक पूरी तरह अक्षय ऊर्जा आधारित कंपनी बन जाएगी। इलारा कैपिटल के उपाध्यक्ष रूपेश सांखे ने अक्षय ऊर्जा पर बढ़ते जोर पर कहा,'हमें ताप विद्युत खंड में निजी क्षेत्र अपनी क्षमता बढ़ाएगा। एनटीपीसी भी ताप बिजली उत्पादन में पूंजीगत व्यय कम कर रही है। हालांकि अक्षय ऊर्जा खंड में प्रति मेगावॉट पूंजीगत व्यय 4 करोड़ रुपये है, जबकि ताप बिजली के मामले में यह 5.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावॉट है।'

सेंबकॉर्प एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) जैसी विदेशी कंपनी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य से चिपके रहना चाहती है। एसईआईएल के प्रबंध निदेशक विपुल तुली ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हाल में ही हमने 800 मेगावॉट उत्पादन क्षमता की सफलतापूर्वक शुरुआत की है, जो अक्षय ऊर्जा खंड में हमारे विशेष जोर की एक मिसाल है। इसके साथ ही भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) की पवन ऊर्जा परियोजनाओं में सेंबकॉर्प की सर्वाधिक परिचालन वाली कंपनी बन गई है।' हालांकि तुली ने कहा कि भारत अगले चरण में अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए नए सुधारों की जरूरत है।

एनएमडीसी को मिली इस्पात संयंत्र अलग करने की मंजूरी

ईशिता आयान दत्त
कोलकाता, 28 अगस्त

सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी ने आज कहा कि उसके बोर्ड ने एनएमडीसी आयरन ऐंड स्टील प्लांट को अलग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी के बोर्ड की गुरुवार को हुई बैठक में छत्तीसगढ़ के नगरनार में स्थापित एनआईएसपी को अलग करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। कंपनी स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में इसका खुलासा किया है।

करीब 30 करोड़ टन क्षमता का यह इस्पात संयंत्र कंपनी की एकमात्र नई परियोजना है जो निकट भविष्य में चालू होने के लिए तैयार है। इस मामले से अवगत सूत्रों ने कहा कि यदि कोविड-19 वैश्विक महामारी का प्रकोप शुरू नहीं हुआ होता तो वह संयंत्र अब तक चालू हो गया होगा। उन्होंने कहा, 'फिलहाल दो बड़ी समस्याएं हैं- परियोजना को पूरा करने के लिए श्रमिकों का अभाव और मौजूदा वैश्विक महामारी के दौर में यूरोप के प्रौद्योगिकी साझेदारों को यात्रा करने में परेशानी हो रही है।'

सूत्रों के अनुसार, कारोबार को अलग करना उसके विनिवेश का पूर्व संकेत हो सकता है। एक दिन पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। इस संयंत्र का निर्माण करीब 20,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। खबरों के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि इससे जनजातीय लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को झटका लगेगा।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि यदि समयबद्ध तरीके से काम किया गया तो एनएमडीसी से उसके इस्पात संयंत्र को अलग किए जाने से भारत सरकार को रकम जुटाने के लिए एक अलग स्रोत तैयार होगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एनएमडीसी के बोर्ड द्वारा संयंत्र को अलग करने प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दिए जाने से एक अलग सूचीबद्ध कंपनी सृजित होगी जिसमें एनएमडीसी की शेयर हिस्सेदारी होगी। इससे अल्पांश शेयरधारकों को फायदा होगा। हालांकि कंपनी की ओर से स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी जानकारी में उसे सूचीबद्ध कराने का कोई जिक्र नहीं किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'एनएमडीसी के इस इस्पात संयंत्र के लिए अतिरिक्त पूंजीगत खर्च अलग होने वाली इकाई खुद करेगी और इससे खनन कंपनी के रिटर्न अनुपात में भी सुधार होगा।

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड
9-ए, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ-226001 Tel No. (0522) 2628310, 2283121
PBX 2612849, 2615722, 2201856 Gram: 'SUGARFED' Fax: (0522) 2627994
E-mail : upsugarfed@yahoo.co.in Website : www.upsugarfed.org
पत्र संख्या P-7771/यू.पी.एफ./ दिनांक 26.8.2020

SHORT TERM E-TENDER NOTICE

On line e-tenders are invited from Manufacturers/ Authorised dealer/ Experienced Sulphur transporter (as per details given in tender documents) for Centrifugal machine, Nickel screen, Caustic soda, & Sulphur transportation to various Cooperative Sugar Factories of U.P.. The e-tender documents with detailed specifications, terms and conditions etc. can be downloaded from e- tender portal http://etender.up.nic.in & federation website www.upsugarfed.org.

The Federation reserves the right to cancel any or all bids/annul e-bidding process without assigning any reason to & decision of Federation will be final & binding.

(BIMAL KUMAR DUBEY)
MANAGING DIRECTOR

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

निविदा सूचना

सिडबी पात्र बोलीकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित करता है:

"एयरोस्पेस एवं प्रतिरक्षा क्षेत्र में हस्तक्षेप हेतु रणनीति तैयार करने और एमएसएमई इकाइयों के विकास के लिए परियोजना प्रबंध इकाई (पीएमयू) की तैनाती के लिए एजेंसी की नियुक्ति"

विस्तृत निविदा दस्तावेज के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.sidbi.in** या केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल की वेबसाइट **eprocure.gov.in/cppp** देखें।

परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, यदि कोई, होगा, तो केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 सितम्बर, 2020 है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
दिल्ली संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादकः कैलाश नौटियाल

आरएनआई न० DELHIN/2008/27804
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन- 011-23720202-10 फैक्स 011-23720201
सब्सक्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया सम्पर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4 एवं आई/3, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013
ई मेल.. **subs_bs@bsmail.in**
या 57007 पर एसएमएस करें **SUB BS**

डिस्क्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है।
बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)
एक नवरत्न कंपनी
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(A Govt. of India Undertaking, Ministry of Railways)
A Navratna Company
601-603, 6th Floor, Navketan Building, SD Rd, Secunderabad - 03.Ph: 040-27808938/39
CIN: L63011DL1988GOI030915

Auction/Tender Notice No.038/CON/SA/01/2020-21/6872 & 6875 Dated 29-08-2020
ONLINE PUBLIC AUCTION SALE

CONCOR invites online auction sale of uncleared/unclaimed imported cargos, damaged Domestic Empty Containers and scrap items available at various CONCOR Terminals in Hyderabad, Guntur and Visakhapatnam.
For Import Cargos the Public Auction is organized under Provisions of Section 48 of the Customs Act, 1962, without any further notice to Importer/Consignee. Valid objections, if any, against sale of goods involving cases under appeal or with Hon'ble Court may be submitted to CONCOR within 7 days from the issue of this notice, otherwise it would be presumed that Importer/Consignee has no objection and the goods may be sold without any further notice.
Online Auction is conducted through **M/s. MSTC Ltd.**, an authorized e-commerce service provider for M/s CONCOR. The inspection of containers/ Cargo's would be from **29-08-2020 to 05-09-2020** on working days during working hours in the respective CONCOR terminals. Online auction is on **09-09-2020** For details please log on to **www.concorindia.com** or **www.eprocure.gov.in** or **www.mstcecommerce.com** or **contact office of CONCOR, Secunderabad - 040-27808938/39 or M/s. MSTC Ltd., Shri. G.P. Teja (9100025841) or Sh Vijay Kala (8179551100), Ph: 040-23301039,e-Mail: gpteja@mstcindia.co.in, vkala@mstcindia.co.in.** Further, please note corrigendum, if any, will be hosted on above websites only, before the online auction date. Hence bidders are requested to visit the website regularly.
Sd/- Group General Manager

विकास प्रोपेंट एण्ड ग्रेनाईट लिमिटेड VIKAS
कॉर्पोरेट कार्यालयः एफ-88/89, उद्योग विहार, रिको इंडस्ट्रीयल एरीया, श्रीगंगानगर-335002 (राजस्थान)
सीआईएनः L14100HR1994PLC036433
पंजीकृत कार्यालयः हिसार रोड़, सिवानी-127046 (हरियाणा)
टेलिः 0154-2494319, **फैक्सः** 0154-2494361
वेबसाइटः www.vpgl.in; **ई-मेल आईडीः** office@vikasgranariers.in

सूचना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकता) विनिमय 2015 (सूचीयन विनियमन) के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 04 सितम्बर, 2020 को सायं 04:00 बजे कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय एफ-88/89, उधोग विहार, रिको, श्रीगंगानगर में 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन के साथ साथ कम्पनी की वार्षिक आम बैठक निश्चित करने हेतु आयोजित की जायेगी।

बोर्ड की आज्ञानूसार
विकास प्रोपेंट एण्ड ग्रेनाईट लिमिटेड
हस्ता/-
(बी. डी. अग्रवाल)
निदेशक
तिथि : 28/08/2020
स्थान : श्रीगंगानगर

SOM DISTILLERIES & BREWERIES LTD
Registered Office: I-A, Zee Plaza, Arjun Nagar, Safdarjung Enclave, Kamal Cinema Road, New Delhi - 110029 **Phone:** +91-11-26169909, 26169712 **Fax:** +91-11-26195897
Corporate Office: SOM House, 23, Zone II, M.P. Nagar, Bhopal (M.P.)-462011
Phone: +91-755-4278827, 4271271 **Fax:** +91-755-2557470 **Email :** compliance@somindia.com
Website: www.somindia.com **CIN :** L74899DL1993PLC052787 **(BSE :** 507514, **NSE :** SDBL)

NOTICE

Pursuant to Regulation 29, Regulation 33 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with applicable provisions of the Companies Act, 2013, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Saturday, the 5th day of September, 2020 at the Corporate Office of the Company at 23, Zone II, M.P. Nagar Bhopal, Madhya Pradesh - 462011 inter- alia to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the quarter ended 30th June, 2020.

In compliance with SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the "Trading Window" for dealing in Equity Shares of the Company was closed from the opening of business hours on July 1, 2020 and shall remain closed till the end of business hours on Monday, 7th day of September, 2020, i.e. 48 hours after declaration of Financial Results of the Company.

Pursuant to Regulation 46 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the investors may visit website of the company **www.somindia.com** and stock exchanges website **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** for further details.

By Order of the Board
For **Som Distilleries and Breweries Limited**
Sd/-
Nakul Kam Sethi
DIN: 06512548, Director
Place: Bhopal
Date : 28.08.2020

ओमैक्स ऑटोज लिमिटेड
पंजी. एवं कार्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर बी-26, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-32, गुरूग्राम, हरियाणा - 122001
सीआईएन : L30103HR1983PLC026142, **वेबसाइट :** www.omaxauto.com,
ई-मेलः investors@omaxauto.com, **फोनः** +91-124-4343000, **फैक्सः** +91-124-2580016

विषय : कम्पनी के अ-दावित लाभांश का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसरण में, एतदद्वारा कम्पनी के शेयरधारकों को सूचना दी जाती है कि कोई भी धन राशि जो इसको अदत्त लाभांश खाते में अंतरित करने की तिथि से सात वर्ष की अवधि हेतु अदत्त या अदावित रहती है कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के तहत स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में अंतरित कर दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और वापसी) नियमावली, 2016 ("नियमावली") के साथ पठित संशोधनों, सर्कुलर्स तथा समय समय पर जारी अधिसूचनाओं के प्रावधानों के अनुसार, कृपया नोट करें कि निम्नलिखित लाभांश खाते के संबंध में सभी शेयर भी सम्यक् तिथि से तीस दिन की अवधि के भीतर आईईपीएफ सस्पेंस अकाउन्ट में अंतरित कर दिए जाएंगे :

क्र.सं.	लाभांश खाता	घोषणा की तिथि	आईईपीएल में अंतरण हेतु नियत
1.	2012-2013	07/09/2013	06/10/2020

नियमावली में सूचीबद्ध विभिन्न अपेक्षाओं का अनुपालन करते हुए, कम्पनी संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से उपयुक्त कार्यवाही हेतु सूचना भेज चुकी है जिनका लाभांश उक्त नियमावली के तहत आईईपीएफ में अंतरित किए जाने का भागी है।

यदि कम्पनी को संबंधित शेयरधारकों से 6 अक्टूबर, 2020 तक कोई जवाब नहीं मिलता है तो कम्पनी नियमावली में सूचीबद्ध विभिन्न अपेक्षाओं का अनुपालन करने हेतु लाभांश और शेयर नियत तिथि तक नियमावली में अनुबद्ध प्रक्रियाओं के अनुसार आईईपीएफ/आईईपीएफ सस्पेंस अकाउन्ट में अंतरित कर देगी।

कृपया नोट करें कि सेबी सर्कुलर सं. सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/डीओपी1/सीआईआर/पी/2018/73 दिनांकित 20 अप्रैल, 2018 के माध्यम से आपसे कम्पनी में अपना पैन एवं बैंक विवरण अद्यतन करने का अनुरोध किया जाता है, ताकि कम्पनी लाभांश, यदि भविष्य में घोषित किया जाता है, सीधे आपके खाते में क्रेडिट कर सके। इसके अतिरिक्त, सेबी/एलएडी-एनआरओ/जीएन/2018/24 दिनांकित 08 जून, 2018 के निबन्धनानुसार, आपसे अपने शेयर भौतिक रूप से डीमैट रूप में परिवर्तित करने का भी अनुरोध किया जाता है, ताकि शेयर बिना किसी परेशानी के अंतरित किए जा सकें।

यदि शेयरधारकों को विषयवस्तु तथा नियमों के बारे में कोई संदेह है तो वे कम्पनी से फोन : 0124-4343000 एवं ई-मेल : investors@omaxauto.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

वास्ते ओमैक्स ऑटोज लिमिटेड
हस्ता/-
संजीव कुमार सूबुद्धि
कम्पनी सचिव
स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 06.07.2020

बेहतर आय परिदृश्य से बैंकिंग शेयर चढ़े

सरकार और नियामक के सहयोग, उधारी की रफ्तार में बढ़ोतरी और कम मूल्यांकन के साथ-साथ परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार बैंकिंग शेयरों को दे रहे हैं सहारा

श्रीपाद ऑटे और समी मोडक
मुंबई, 28 अगस्त

बीएसई बैंकेक्स करीब 4 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बंद हुआ, जो 13 मार्च के बाद की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ ही इंडेक्स भी 13 मार्च के बाद के सर्वोच्च सस्तर पर बंद हुआ है। बेंचमार्क सेंसेक्स 353 अंकों की बढ़त के साथ 39,467.31 पर बंद हुआ, जो 27 फरवरी के बाद का सर्वोच्च स्तर है। निफ्टी-50 इंडेक्स 0.83 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 11,655 पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों ने लगातार छठे दिन बढ़त दर्ज की।

सेंसेक्स में बढ़त हासिल करने वाले पांच अग्रणी शेयरों में से चार बैंकिंग शेयर रहे, जिसकी अगुआई इंडसइंड बैंक ने की और उसमें 8.4 फीसदी की उछाल दर्ज हुई। उसके बाद ऐक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में क्रमश: 7.7 फीसदी व 4.4 फीसदी का इजाफा हुआ। पांच अग्रणी बैंकिंग शेयरों ने सेंसेक्स की बढ़त में 300 अंकों का योगदान किया। विशेषज्ञों का मानना है कि बैंकों की आय के परिदृश्य में मार्च-अप्रैल के मुकाबले काफी ज्यादा सुधार हुआ है।

कोविड-19 महामारी के अवरोध के कारण परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव के अनुमान से एक्सचेंजों पर बैंकिंग शेयर पिछड़े हुए थे। अन्य अग्रणी कंपनियों के शेयरों ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया जबकि बैंकिंग शेयर अभी भी इस साल अब तक लिहाज से 10 से 50 फीसदी तक नीचे हैं।

हालांकि यूबीएस ने एक नोट में कहा है कि जोखिम के कम होने और हालिया कमजोर प्रदर्शन बैंकिंग शेयरों में बढ़त की गुंजाइश बनाता है। नोट में कहा गया है, पिछले कुछ महीनों में सरकार और आरबीआई की तरफ से उठाए गए राहत के कदमों ने बैंकिंग सिस्टम का जोखिम घटाया है। हमारा मानना है कि फंसे कर्ज का जोखिम हमारे पहले के अनुमान से कम हुआ है और नए नियम से बैंकों को और प्रावधान के लिए वक्त मिलेगा। ब्रोकरेज ने कहा कि इस क्षेत्र में गिरावट का जोखिम सीमित है।

इसके अलावा शुद्ध ब्याज मार्जिन का परिदृश्य बेहतर रहने का अनुमान है और विदेशी ब्रोकरेज ने वित्त वर्ष 2021 के लिए एसबीआई, ऐक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक आदि के लिए आय अनुमान में 115 फीसदी तक का संशोधन किया है।

आईआईएफएल सिक्योरिटीज के निदेशक संजीव भसीन ने कहा, नियामकीय सहयोग के साथ परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद, उधारी में इजाफा और कम मूल्यांकन बैंकिंग शेयरों में तेजी को सहारा दे रहे हैं। उनका मानना है कि बैंकिंग शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहेगा, ऐसे में निफ्टी बैंक इंडेक्स दिसंबर तक 27,000 पर पहुंच सकता है, यानी उसमें 10 फीसदी की उछाल आ सकती है। साथ ही वैश्विक नकदी उभरते बाजार की ओर आ रही है क्क्योंकि अमेरिकी डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया है। इसके अतिरिक्त विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई में बढ़ोतरी का मतलब यह हो सकता है कि केंद्रीय बैंक का ब्याज कटौती का चक्र खत्म हो जाएगा और बैंकों के लिए स्थितियां काफी ज्यादा मजबूत हो जाएंगी। टार्गेट इन्वेस्टिंग के रणनीतिकार समीर कालरा ने कहा, इस परिदृश्य में बैंक केंद्र में आ जाएंगे। यह उनके शुद्ध ब्याज मार्जिन में इजाफा करेगा और यह कारोबारी लिहाज से अच्छा है। यह इंडेक्स के बड़े हिस्से की भरपाई करेगा और तेजी की अगुआई करेगा।

इसके अलावा निवेशकों की दिलचस्पी की वजह इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक आदि में बैंकों की तरफ से हालिया पूंजी निवेश है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इससे बैंलेंस शीट का जोखिम घटाने में मदद मिल रही है।

बैंक शेयरों में बढ़त

- सेंसेक्स में बढ़त हासिल करने वाले पांच अग्रणी शेयरों में से चार बैंकिंग शेयर रहे, जिसकी अगुआई इंडसइंड बैंक ने की और उसमें 8.4 फीसदी की उछाल दर्ज हुई
- ऐक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में क्रमश: 7.7 फीसदी व 4.4 फीसदी का इजाफा हुआ
- विशेषज्ञों का मानना है कि बैंकों की आय के परिदृश्य में मार्च-अप्रैल के मुकाबले काफी ज्यादा सुधार हुआ है
- यूबीएस ने एक नोट में कहा है कि जोखिम के कम होने और हालिया कमजोर प्रदर्शन बैंकिंग शेयरों में बढ़त की गुंजाइश बनाता है

2020 में सबसे ज्यादा विदेशी निवेश आया तो निकासी भी

किसी कैलेंडर वर्ष में मार्च के महीने में सबसे ज्यादा 58,632 करोड़ रुपये (7.9 अरब डॉलर) विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बाजार से निकाल लिए। अब अगस्त का महीना देसी शेयरों में सबसे ज्यादा विदेशी निवेश वाला महीना बनने जा रहा है। इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा हुआ है और एफपीआई का कुल निवेश 47,518 करोड़ रुपये (6.4 अरब डॉलर) पर पहुंच चुका है। इससे पहले सबसे ज्यादा निवेश मार्च 2017 में हुआ था और तब रुपये के लिहाज से विदेशी निवेशकों ने 33,782 करोड़ रुपये का निवेश भारतीय बाजार में किया था। डॉलर के लिहाज से सबसे ज्यादा रकम एफपीआई ने सितंबर 2010 ने लगाई थी, जो 6.4 अरब डॉलर थी। मार्च में हुई बिकवाली कोविड-19 महामारी के कारण शुरू हुई थी और आर्थिक गतिविधियां थम गई थी। अवधारणा में सुधार वैश्विक केंद्रीय बैंकों, खास तौर से अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से प्रोत्साहन पैकेज के कारण देखने को मिला। बाजार के प्रतिभागियों ने कहा कि जब तक फेडरल रिजर्व ब्याज दरें नीचे रखेगा, विदेशी निवेश स्थिर रहेगा। पिछले कुछ महीनों से हुए मजबूत निवेश से निफ्टी 23 मार्च के अपने निचले स्तर से 53 फीसदी चढ़ चुका है। इससे भारतीय कंपनी जगत को इस साल रिकॉर्ड 26 अरब डॉलर की शेयर बिक्री में मदद मिली। *समी मोडक और मयंक अनिवाश पटवर्धन*

सबसे ज्यादा एफपीआई निवेश और निकासी
डॉलर के लिहाज से

सबसे ज्यादा निवेश	अरब डॉलर में	सबसे ज्यादा निकासी	अरब डॉलर में
अगस्त 2020	6.4	मार्च 2020	-7.9
सितंबर 2010	6.4	जनवरी 2008	-4.4
अक्टूबर 2010	5.6	अक्टूबर 2018	-3.8
मार्च 2017	5.1	अक्टूबर 2008	-2.9
फरवरी 2012	5.1	नवंबर 2016	-2.6

रुपये के लिहाज से

सबसे ज्यादा निवेश	करोड़ रुपये में	सबसे ज्यादा निकासी	करोड़ रुपये में
अगस्त 2020	47,518	मार्च 2020	-58,632
मार्च 2017	33,782	अक्टूबर 2018	-27,623
मार्च 2019	33,116	नवंबर 2016	-17,737
सितंबर 2010	29,196	जनवरी 2008	-17,227
फरवरी 2012	25,218	अगस्त 2015	-17,209

आंकड़े 27 अगस्त, 2020 तक के स्रोत : एनएसडीएल, सेबी
संकलन : बीएस रिसर्च ब्यूरो

बीएस बातचीत

एचडीएफसी जैसी कामयाबी पर हमारा जोर

एडलवाइस समूह ने 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए अपने परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवसाय में 2,200 करोड़ रुपये निवेश के लिए प्राइवेट इक्विटी कंपनी पीएजी के साथ भागीदारी की है। शुरू में घरेलू वित्तीय सेवा घराने ने अपने जीवन बीमा और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा (एनबीएफसी) व्यवसायों में विदेशी भागीदारों को शामिल किया था। एडलवाइस समूह के चेयरमैन एवं सीईओ **रशेष शाह** ने **समी मोडक** के साथ बातचीत में कहा कि वह एचडीएफसी जैसी सफलता हासिल करना और अपने व्यक्तिगत व्यवसाय को सूचीबद्ध कराना चाहते हैं। पेश हैं मुख्य अंश:

मौजूदा समय में एडलवाइस समूह की संरचना कैसी है और आगामी क्या योजना है?
हमें 6 व्यवसाय - होलसेल क्रेडिट, रिटेल क्रेडिट, परिसंपत्ति प्रबंधन (जिसमें परिसंपत्ति पुनर्निर्माण शामिल है), संपदा प्रबंधन, जीवन बीमा और सामान्य बीमा मिले हैं। अब तक हम एक एकीकृत समूह के तौर पर परिचालन कर रहे थे। अब हम सभी व्यवसायों का दायरा बढ़ाना और आखिरकार इन्हें अलग कर या आईपीओ के जरिये सूचीबद्ध कराना चाहते हैं, ठीक उसी तरह, जैसा कि एचडीएफसी ने एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लाइफ और एचडीएफसी म्युचुअल फंड के साथ किया। चूंकि हमकोई बड़ा व्यावसायिक घराना नहीं हैं, इसलिए अपने व्यवसायों को पूंजी मुहैया कराने और दीर्घावधि समर्थन के लिए भागीदार तलाशना चाहते हैं। जीवन बीमा में हमने टोकियो मैरीन, एआरसी में सीडीपीक्यू को अपने साथ जोड़ा है और अब संपत्ति प्रबंधन के लिए पीएजी के साथ भागीदारी की है।

> अब हम सभी व्यवसायों का दायरा बढ़ाना और आखिरकार इन्हें अलग कर या आईपीओ के जरिये सूचीबद्ध कराना चाहते हैं

निजी संपत्ति प्रबंधन उद्योग के लिए विकास के वाहक क्या हैं?
एक है घरेलू परिवारों की बचत में वृद्धि। अब यह 8 लाख करोड़ डॉलर के आसपास है जिसमें 3 लाख करोड़ डॉलर वित्तीय बचत से संबंधित है। ज्यादातर बचत पारंपरिक परिसंपत्तियों में है। जहां एक दशक पहले बचत में वित्तीय परिसंपत्तियों का योगदान करीब सिर्फ 1 लाख करोड़ डॉलर था, वहीं अब यह बढ़कर 3 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसलिए पारिवारिक वित्तीय परिसंपत्तियां तेजी से बढ़ रही हैं। शुरू में, लोग बैंक जमाओं को पसंद करते थे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान लोगों ने इसके विकल्पों पर ध्यान दिया है। बड़े वेतनभोगी वर्ग के पास संपत्ति, स्टॉक ऑप्शन और अच्छा वेतन है। इसलिए अब निवेश के कई वर्ग हैं और न सिर्फ परिवार और अल्ट्रा-हाई नेटवर्थ वाले लोग ही इससे जुड़े नहीं रह गए हैं।

आपके अनुसार अर्थव्यवस्था कब तक सामान्य हो जाने की संभावना है?
हमारा मानना है कि कोविड-19 अभी समाप्त नहीं होगा, लेकिन बुरा वक्त बीत चुका है। लोग अब इसके साथ जीना सीख रहे हैं। इसलिए, व्यवसाय बहाली गतिविधि में स्पष्ट सुधार देख रहे हैं। तरलता में सुधार आया है। हालात मार्च 2021 तक सामान्य होने की संभावना है। लेकिन बुरा वक्त पीछे छूट गया है।

ऋण व्यवसाय के लिए स्थिति कैसी है?
तरलता में सुधार आया है, जिसे लेकर शुरू में समस्या बनी हुई थी। बैंकों और एनबीएफसी के लिए, ऋण लागत बढ़ेगी और इससे उनकी आय प्रभावित होगी। लेकिन पूंजी पर्याप्तता बनाए रखने के लिए संग्रहण को लेकर कोई समस्या नहीं होगी। यह वित्त वर्ष खराब वर्ष होगा। लेकिन हर कोई इस पर नजर लगाए हुए है कि मार्च 2021 के बाद क्या होगा। हर कोई कोशिश कर रहा है जिससे कि जब वृद्धि की राह आसान हो तो वह इसका लाभ उठा सके।

क्या आप संपत्ति व्यवसाय की बिक्री के लिए हालात सामान्य होने का इंतजार करना नहीं चाहेंगे?
हमारा मकसद यह है कि व्यवसाय के लिए जो भी सही हो किया जाए और सिर्फ मूल्यांकन के साथ नहीं उलझा जाए। व्यवसाय में आपको अच्छे और बुरे वक्त में भी पूंजी जुटाने की जरूरत होगी। लेकिन आप वास्तविकता सिर्फ मुसीबत के समय में ही समझ पाएंगे।

एसबीआई पर ब्रोकरेज का तेजी का नजरिया

ब्रोकरेज	सिफारिश	लक्षित कीमत
यूबीएस	खरीद	260 रुपये
गोल्डमैन सैक्स	खरीद	282 रुपये
सीएलएसए	खरीद	310 रुपये
जेफरीज	निवेशित	215 रुपये
मोतीलाल ओसवाल	खरीद	285 रुपये

सरकारी स्वामित्व वाले देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों को ब्रोकरेज कंपनियां अपग्रेड कर रही हैं और इनमें देसी व विदेशी दोनों ब्रोकरेज शामिल हैं। निजी बैंकों के मुकाबले आकर्षक मूल्यांकन, वित्तीय क्षेत्र में सुधरते हालात और कोविड-19 महामारी के दौर में सरकार व आरबीआई की तरफ से समय पर मदद से विश्लेषकों में भरोसा बढ़ रहा है। इसके अलावा जून 2020 की तिमाही के उत्साहजनक आंकड़ों का भी योगदान रहा है। मुंबई मुख्यालय वाले बैंक का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 81.18 फीसदी की उछाल के साथ 4,189.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 2,312.2 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ 36.8 फीसदी बढ़कर 5,559.7 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने कहा कि जून तिमाही के आखिर में मोहलत के दायरे में उसका 9.5 फीसदी कर्ज था, जो मार्च तिमाही के आखिर में 23 फीसदी रहा था।

22 मई, 2020 के हालिया निचले स्तर 150.85 रुपये के मुकाबले यह शेयर बुधवार तक बीएसई पर 39 फीसदी चढ़ा है जबकि बेंचमार्क एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स में 27 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यह जानकारी ऐस इक्विटी के आंकड़ों से मिली। ब्रोकरेज का मानना है कि इस शेयर में अभी और जान बाकी है। मौजूदा भाव 220 रुपये है और एक साल में उसका रिटर्न 19 फीसदी से लेकर 43 फीसदी तक रह सकता है।
निकिता वशिष्ठ

कोविड पूर्व स्तर का सुधार 2022 तक ही संभव: सोमानी ग्रुप

देश में कोविड-19 वैश्विक महामारी का प्रकोप जारी रहने के मद्देनजर कोलकाता के सोमानी समूह का मानना है कि कारोबार में पूर्ण सुधार यानी कोविड पूर्व स्तर का सुधार अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2022) तक ही संभव हो पाएगा। सोमानी समूह रियल एस्टेट क्षेत्र में व्यापक तौर पर इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं और सामग्रियों का उत्पादन करती है। कंपनी का कहना है किफिलहाल गैर-महानगरीय शहरों में सुधार को रफ्तार मिलती दिख रही है।

सोमानी समूह की होल्डिंग कंपनी सोमानी इम्प्रेसा के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप सोमानी के अनुसार, देश भर में सख्ती से लागू किए गए लॉकडाउन से कारोबार को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि देशव्यापी लॉकडाउन मई के अंत में समाप्त हो गया लेकिन अब सुधार की राह में सबसे बड़ी बाधा स्थानीय लॉकडाउन है। कुल मिलाकर होटल उद्योग की स्थिति लड़खड़ाने और रोजगार बाजार में अनिश्चितता के कारण कारोबार प्रभावित हो रहा है। *बीएस*

IIFL ASSET MANAGEMENT

IIFL ASSET MANAGEMENT LTD.
Regd. Office: IIFL Centre, 6th Floor, Kamala City, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai 400013
CIN: U74900MH2010PLC201113 | www.iiflmf.com

NOTICE IS HEREBY GIVEN to all unitholder(s) of IIFL Mutual Fund ('Fund') that in accordance with Regulation 56(1) of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996 and SEBI circular dated June 05, 2018 issued in this regard, the Annual Report and Abridged Annual Report of schemes of Fund for the period ended March 31, 2020 has been hosted on the website of the Fund (www.iiflmf.com) and website of AMFI (www.amfiindia.com).
Unitholders can also request for a physical or electronic copy of the Annual Report or Abridged summary through any of the following means:

i. SMS: Send SMS to +91-9900445566 from investor's registered mobile number. SMS format "Folio"
ii. Telephone: Give a call on 1800-419-2267
iii. Email: Send an email specifying the folio number to service@iiflw.com
iv. Letter: Submit a request letter at any of the AMC offices or CAMS Investor Service Centres, list available at www.iiflmf.com Such copies shall be provided to the unit holders free of cost.

For IIFL Asset Management Ltd.
Sd/-
Authorised Signatory

Place : Mumbai
Date : August 28, 2020

"Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully"

VIKAS

विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड
सीआईएन: L24139HR1988PLC030300
पंजीकृत कार्यालय: रेलवे रोड़, सिवानी, हरियाणा-127046, भारत
कारपोरेट कार्यालय: बी-86/87, उद्योग विहार, रिको, इंडस्ट्रीअल एरिया, श्री गंगानगर, राजस्थान-335002
वेबसाइट: www.vikaswspltd.in; **ई-मेल आईडी:** csgunjanvikaswspltd1984@gmail.com
टेलि: 91(154) 2494512/2494552; **फैक्स:** 31(154) 2494361/2475376

सूचना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकता) विनिमय 2015 (सूचीयन विनियमन) के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार 07 सितम्बर 2020 को 1**1:00 पूर्वा में कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय बी-86/87, उद्योग विहार, रिको, श्रीगंगानगर, राजस्थान -335002** में आयोजित की जायेगी, जिसमें अन्य विषयों के अतिरिक्त 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही (Q-1) के लिए कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जायेगें।

बोर्ड की आज्ञानुसार
विकास डब्ल्यूएसपी लिमिटेड
हस्ता/-
(बजरंग दास अग्रवाल)
प्रबंध निर्देशक
DIN: 00036553

तिथि : 28.08.2020
स्थान : श्रीगंगानगर

डिजिटल तरीके से एनएफओ निवेश में आई तेजी

जश कृपलानी
मुंबई, 28 अगस्त

म्युचुअल फंड (एमएफ) उद्योग और वितरकों द्वारा चलाए गए डिजिटल-ड्राइव अभियान से नई फंड पेशकशों (एनएफओ) के संग्रहण में मदद मिल रही है, भले देश में कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से लॉकडाउन बरकरार है।

हाल में निप्पॉन इंडिया मल्टी-ऐसेट फंड ने अपने एनएफओ के लिए 720 करोड़ रुपये का संग्रह दर्ज किया। निप्पॉन इंडिया एमएफ के अधिकारियों का कहना है कि 60 प्रतिशत आवेदन डिजिटल माध्यमों के जरिये किए गए थे।

उद्योग के कारोबारियों के अनुसार, कोविड-19 की वजह से लागू लॉकडाउन के बावजूद एमएफ उद्योग की डिजिटल क्षमता से एनएफओ को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच बनाने में मदद मिली है।

निप्पॉन इंडिया एमएफ के सह-प्रमुख व्यावसायिक अधिकारी सौगत चटर्जी ने कहा, 'डिजिटल से दायरा बढ़ाने में मदद मिल रही है, क्योंकि आप छोटे शहरों में इसके जरिये पहुंच बढ़ा सकते हैं। हमारे एनएफओ की सफलता के लिए डिजिटली तौर पर निवेशकों को जोड़ने और उन्हें सेवा मुहैया कराने की हमारे वितरक भागीदारों के अनुभव को दिया जा सकता है।'

निप्पॉन इंडिया के एनएफओ में 370 स्थानों से 80,000 से ज्यादा निवेशकों ने हिस्सा लिया। अन्य फंड हाउसों में, बड़ौदा एमएफ ने अगस्त में लार्ज- और मिड-कैप फंड का एनएफओ पेश किया है। सोमवार को यूनियन एमएफ ने मीडियम ड्यूरेशन फंड जारी किया जिसका एनएफओ 7 सितंबर को बंद होगा।

NOTICE

DSP MUTUAL FUND

NOTICE is hereby given to all investor(s)/Unit holder(s) of DSP Mutual Fund ('Fund') that in accordance with Regulation 54 & 56 of Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with SEBI Circular No. SEBI/HO/IMD/DF2/CIR/P/2018/92 dated June 05, 2018, the Annual Report and Abridged Annual Report of the schemes of the Fund for the year ended March 31, 2020 has been hosted on the website of the Fund viz. www.dspim.com and on the website of AMFI viz. www.amfiindia.com.

Investors can request for physical copy of Annual Report or Abridged Annual Report through any of the following means:

1. SMS: Send SMS to 9266277288 from investor's registered mobile number. SMS format "AR<space>Folio". Example AR 123456
2. Telephone:- Give a call at our Contact Centre at 1800 208 4499 / 1800 200 4499
3. Email:- Send an email to service@dspim.com
4. Letter:- Submit a letter at any of the AMC Offices or CAMS investor Service Centres, list available at www.dspim.com

Any queries/clarifications in this regard may be addressed to:
DSP Investment Managers Private Limited
CIN: U74140MH1996PTC099483,
Investment Manager for DSP Mutual Fund,
Mafatlal Centre, 10th Floor, Nariman Point, Mumbai 400 021
Tel. No.: 91-22 66578000, Fax No.: 91-22 66578181,Toll Free No: 1800 200 4499, www.dspim.com

Investors/unit holders are requested to update their email address and mobile number with the AMC.

Place: Mumbai
Date: August 28, 2020

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

APPOINTMENTS

Banks Board Bureau | sidbi

निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित

सिडबी (SIDBI) में
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आवेदन की अंतिम तिथि में विस्तार एवं अन्य संशोधन

बैंक बोर्ड ब्यूरो ने उपर्युक्त रिक्त पद के आवेदन-पत्र जमा करने की तिथि को बढ़ाते हुए **15 सितम्बर 2020 शाम 5 बजे तक कर दिया है।** इसके अतिरिक्त, शैक्षिक योग्यताओं की मान्यताओं में कुछ संशोधन उल्लिखित किये हैं जिन्हे ब्यूरो की वेबसाइट **https://www.banksboardbureau.org.in** पर दिए हुए लिंकों पर देखा जा सकता है। पूर्ण विज्ञापन में निर्दिष्ट अन्य सभी शर्तों व पात्रताओं कोई बदलाव नहीं है। अत: सभी पात्रताएं **28 अगस्त 2020** से ही मानी जाएंगी।
आवेदन कैसे करें: इच्छक उम्मीदवार ब्यूरो की वेबसाइट पर "वैकेंसी टैब" के तहत ऑनलाइन उपलब्ध लिंक या सीधे **https://www.research.net/r/cmd-sidbi** लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन की अंतिम तिथि : 15 सितम्बर 2020 सांय 5:00 बजे।

VALENCIA NUTRITION LIMITED
D. No. 134, 6th Main, 1st Block, Banashankari 3rd Stage, Bangalore - 560085, Karnataka, India.
CIN.: U51909KA2013PLC068380; **Telephone No.:** 080-26799552;
E-mail : info@valencianutrition.com;
Website : www.valencianutrition.com

FORM PAS 1	*[Pursuant to section 27(1) and rule7(2) of Companies (Prospectus and Allotment of Securities) Rules, 2014]*

Advertisement giving details of notice of special resolution for varying the terms of any contract referred to in the prospectus or altering the objects for which the prospectus was issued

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that by a resolution dated August 25, 2020, the Board has proposed to vary the terms of the contract referred to in the prospectus dated 13th December, 2019 (or to alter the object(s) for which the prospectus dated 13th December, 2019 was issued) issued in connection with issue of 15,72,000 equity shares of Rs. 10 each at a price of Rs. 46 per share, comprising of 13,05,000 fresh equity shares ("Fresh Issue) by the Company and 2,67,000 equity shares offered for sale ("Offer for Sale") by Mr. Rajkumar Elango, Mr. Venugopal Nambiar and Mrs. Rachel Kattukaran aggregating to Rs.723.12 lakhs.

In pursuance of the said resolution, further notice is given that for approving the said proposition, a special resolution is to be passed by postal ballot.

The details regarding such variation/alteration are as follows-

1) **Particulars of the terms of the contract to be varied (or objects to be altered):**
As on March 31, 2020, the Company has utilized Rs. 243.63 lakhs out of the Net proceeds of Rs. 526.81 lakhs & will utilize Rs. 52.13 lakhs as per the term of the Prospectus. Whilst the Company has made best efforts to utilise the balance IPO Proceeds of Rs. 231.05 lakhs as per the terms of the Issue, however due to COVID 19 pandemic, the Company does not foresee deployment of Rs. 231.05 lakhs in future for funding the Objects as stated in the said Prospectus. Further the operation of the Company had also adversely effected due to COVID 19 pandemic. Hence the management of the Company had decided to cancel the Construction of New Corporate Office and Research Development & Pre Mix Laboratory Building called "Valencia House" at Anjanapura, Bengaluru, for which the pending utilization is of Rs. 197.14 lakhs and to cancel the purchasing of Lab Equipments for expanding R&D facilities, for which the pending utilization is of Rs. 33.91 lakhs. Hence, the management of the Company had decided to to utilize Rs. 231.05 lakhs to meet the working capital & other operational requirements of the Company during the current Financial Year 2020-21 subject to receipt of necessary approvals.

2) **Particulars of the proposed variation/alteration:**
The Company proposes to utilize the deviated amount of Rs. 231.05 Lakhs out of the Net fresh Issue Proceeds to fund Working Capital and Other Operating Needs of the Company during the current Financial Year 2020-21. The proposed deployment of deviated amount as mentioned above is based on internal management estimates of the Company, assessed in light of current circumstances of the Company's business.

3) **Reasons / justification for the variation:**
The global economy has been adversely affected by COVID-19, with many global businesses having to cease or slow down their operations. Following the outbreak of COVID-19, the global GDP projection is further expected to weaken to an estimated -3.0% in 2020. In the past, major epidemics have significantly reshaped growth trajectories globally, with severe disruptions taking place especially in poor countries. While the Severe Acute Respiratory Syndrome (SARS) virus of 2003 only reduced global growth by around 0.1% (nearly USD 50 billion), the spread of avian influenza during the same period cost close to 0.6% of the world GDP.
The operation of the Company had also adversely affected. Hence the management of the Company had decided to cancel the Construction of New Corporate Office and Research Development & Pre Mix Laboratory Building called "Valencia House" at Anjanapura, Bengaluru and to cancel the purchasing of Lab Equipments for expanding R&D facilities. Further the management of the Company had decided to utilize the funds for Working Capital and Other Operating Needs of the Company.

4) **Effect of the proposed variation / alteration on the financial position of the Company:**
The Company will be able to reduce finance cost by infusing this amount in the newly proposed object and hence the interest cost saved on Rs. 231.05 lakhs would be the positive impact on the Statement of Profit & Loss. The cash flows of the Company would be improved by aforesaid interest saving amount.

5) **Major Risk factors pertaining to the new Objects:**
The Company is of the opinion that there is no specific risk envisaged to the proposed utilization of Net Proceeds of IPO to fund the activities as mentioned above. However, the following general risks associated with the business, individually or together, but not limited to, could adversely affect our business, financial conditions, results of operations or prospects etc:
- Changes in government policies, regulatory actions and technological changes etc. that apply to or affect our business including developments affecting the Indian economy;
- Projects included in our order book may not ultimately be confirmed, may be modified or cancelled, or there may be delays in execution; and
- Our operations are dependent on the timely supply of quality raw materials and components at commercially acceptable prices and we are dependent on a limited number of suppliers for key raw materials and components.

6) **Names of Directors who voted against the proposed variation / alteration:**
None of the Directors voted against the proposed variation / alteration.
Any interested person may obtain the copy of the special resolution along with the explanatory statement free of charge at the Registered Office of the Company or at the office of its Company Secretary Mr. Adarsha K R at #11, 7th Block, 33rd Main, Banagirinagar, Banashankari 3rd Stage, Bengaluru – 560 085 or visit the website of the Company viz. www.valencianutrition.com for a copy of the same.

For **Valencia Nutrition Limited**
Sd/-
Date: 29th August, 2020
Place: Bengaluru
Mrs. Deepthi Anand
Managing Director

Motilal Oswal Asset Management Company Limited
Registered & Corporate Office : 10th Floor, Motilal Oswal Tower, Rahimtullah Sayani Road, Opposite Parel ST Depot, Prabhadevi, Mumbai - 400 025
• **Toll Free No.**: +91 8108622222, +91 22 40548002 • **Email** : mfservice@motilaloswal.com
• **CIN No.**: U67120MH2008PLC188186
• **Website:** www.motilaloswalmf.com and www.mostshares.com

Hosting of Annual Report and Abridged Summary thereof for the Schemes of Motilal Oswal Mutual Fund (MOMF)

Notice is hereby given to all the Investors of the Schemes of Motilal Oswal Mutual Fund **(MOMF)** that in accordance with the Regulation 56(1) of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with SEBI circular dated June 5, 2018, the Annual report of the Schemes of MOMF for period ended March 31, 2020 have been hosted on the website of MOMF i.e. www.motilaloswalmf.com and www.mostshares.com and AMFI Website http://www.amfiindia.com.

Investors can request for physical or electronic copy of Annual report or abridged summary thereof through any of the following modes / options:

1. Send us an email at mfservice@motilaloswal.com from the registered email id; or
2. Contact us on the Toll free no : +91-8108622222, +91-22-40548002; or
3. Written request can be sent at KFin Technologies Private Limited (Unit - Motilal Oswal Mutual Fund) Karvy Selenium, Tower- B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad - 500 032 or by emailing at compliance.corp@kfintech.com.

Investors are requested to kindly take note of the above.

For Motilal Oswal Asset Management Company Limited
(Investment Manager for Motilal Oswal Mutual Fund)
Sd/-
Place : Mumbai
Date : August 28, 2020
Navin Agarwal
Managing Director & Chief Executive Officer

MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.

SHRIRAM MUTUAL FUND
Mookambika Complex, 3rd Floor, 4 Lady Desikachari Road, Mylapore, Chennai - 600 004.
(Investment Manager: Shriram Asset Management Company Limited)
CIN: L65991MH1994PLC079874
Registered Office: 1006, 10th Floor, Meadows, Sahar Plaza, Andheri Kurla Road, J.B. Nagar, Andheri (East), Mumbai - 400 059.

NOTICE

HOSTING OF ANNUAL REPORT FOR THE SCHEMES OF SHRIRAM MUTUAL FUND FOR THE FINANCIAL YEAR 2019-20

The Annual Report for the Schemes of Shriram Mutual Fund for the Financial Year ended March 31, 2020 has been hosted on the website of Shriram Asset Management Company Limited (www.shriramamc.com), the Asset Management Company (AMC) of Shriram Mutual Fund and on the website of Association of Mutual Funds In India (AMFI) in accordance with SEBI Circular No. SEBI/HO/IMD/DF2/CIR/P/2018/92 dated June 05, 2018. Investors may accordingly view / download the Annual Report from the website.

Further, investors may also submit their request to receive the electronic or physical copy of such Annual Report through any of the following modes at free of cost:

(i) Email to info@shriramamc.com from registered email id
(ii) SMS at +91 98756 30897 from the registered mobile number
(iii) Contacting us at 033-2337 3012
(iv) Written request (letter) to Administrative Head Office address of AMC: CK-6, 2nd Floor, Sector-II, Salt Lake City, Kolkata - 700 091

For **Shriram Asset Management Company Limited**
(Investment Manager of Shriram Mutual Fund)
Date : August 28, 2020
Place : Kolkata
Sd/-
Compliance Officer

For more information, please contact **Shriram Asset Management Co. Ltd.**, CK-6, 2nd Floor, Sector II, Salt Lake City, Kolkata - 700 091. Tel: 033 2337 3012 Fax: 033 2337 3014, www.shriramamc.com

Mutual fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

महंगी पड़ सकती है राज्यों की उधारी

अभिजित लेले
मुंबई, 28 अगस्त

जीएसटी मुआवजा के बकाये के भुगतान में केंद्र सरकार की ओर से अक्षम होने के संकेत देने के बाद राज्यों को बॉन्ड बाजार से उधारी बढ़ाने पर बाध्य होना पड़ सकता है। ऐसे में उन्हें बॉन्ड बाजार से उधारी लेना और महंगा पड़ सकता है।

राज्य सरकार के 10 साल के पेपर (जिसे राज्य विकास ऋण-एसडीएल कहा जाता है) पर यील्ड अगस्त में 24 आधार अंक बढ़कर 6.66 से 6.68 प्रतिशत हो गया। तीन साल के एसडीएल पर यील्ड 35 आधार अंक बढ़कर इस महीने 5.09 प्रतिशत हो गया है।

ट्रेजरी और बॉन्ड डीलरों का कहना है यील्ड में बढ़ोतरी की वजह महंगाई की चिंता को लेकर है, वहीं अब राज्यों के पेपर बहुत ज्यादा आने की वजह से 10 साल के भारत सरकार के बेंचमार्क में स्प्रेड हो सकता है। राज्यों की उधारी सामान्यतया 10 साल की प्रतिभूतियों के माध्यम से होती है। केयर रेटिंग के विश्लेषण के मुताबिक 2020-21 के पहले पांच महीने में करीब 37 प्रतिशत एसडीएल 10 साल के लिए जारी हुए हैं। 3 साल के एसडीएल की दूसरी बड़ी हिस्सेदारी (11 प्रतिशत) और 30 साल के एसडीएल की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है।

चालू वित्त वर्ष में (7 अप्रैल से 25 अगस्त 20) 26 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश में कुल मिलाकर बाजार उधारी से 2.7 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

मामला न्यायालय गया तो संघीय ढांचे पर असर

जीएसटी मुआवजा जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए एफआरबीएम सीमा में आधे प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया है, जिससे ज्यादा उधारी ली जा सके। केरल का तर्क है कि इसे 0.75 प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए, वर्ना राज्यों को नुकसान होगा। केरल के वित्त मंत्री **थॉमस आइजक** ने **दिलाशा सेठ** से बात की। प्रमुख अंश..

मुआवजे को लेकर केंद्र के प्रस्ताव की जांच करने के लिए आपने 7 दिन वक्त मांगा है, लेकिन आपकी शुरुआती प्रतिक्रिया क्या है? क्या यह व्यावहारिक लगता है?
करीब 3 लाख करोड़ रुपये मुआवजा की जरूरत है, जिसमें से 70,000 करोड़ रुपये उपकर संग्रह से आएंगे। शेष 2.3 लाख करोड़ रुपये कमी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दो हिस्सों में बांटा है- जीएसटी लागू होने के कारण और कोविड के कारण। केंद्र सरकार 1.65 लाख करोड़ रुपये उधारी लेगी, जबकि शेष राशि राज्यों के ऊपर छोड़ दिया गया है। इसके लिए राज्यों के राजकोषीय घाटे की सीमा 0.75 प्रतिशत बढ़ाए जाने की जरूरत है। केंद्र 0.5 प्रतिशत बढ़ाने की बात कर रहा है। इससे हमारी सामान्य उधारी घट जाएगी। मैं ऐसा क्यों करूंगा? राज्य को 50,000 करोड़ रुपये नुकसान होगा। यह बहुत पेचीदा है, ऐसे में मैंने एक हफ्ते में अध्ययन कर जवाब देने की बात कही है।

यह पहला विकल्प है, दूसरे के बारे में क्या कहना है?
मान लीजिए कि दूसरा विकल्प अपनाया जाता है और पूरा 2.3 लाख करोड़ रुपये राज्य उधारी लेते हैं। ऐसी स्थिति में राज्य सरकारें राज्यों को जीडीपी का 0.5 प्रतिशत गंवाना होगा, अगर एफआरबीएम सीमा 1 प्रतिशत बढ़ाई जाती है। ऐसे में केंद्र को राजकोषीय सीमा 1.5 प्रतिशत बढ़ानी होगी।

केंद्र ने कहा है कि राज्यों पर कोई बोझ नहीं होगा क्योंकि ब्याज का भुगतान उपकर से किया जाएगा। ऐसे में क्या समस्या है?
समस्या यह है कि राज्यों के मुआवजा छोड़ने और इसे मानक के रूप में स्वीकार करने को कहा जा रहा है।

क्या आपका भी मानना है कि पूरी उधारी केंद्र ले?
निश्चित रूप से। जब राज्य उधारी लेंगे तो उन्हें 1 से 2 प्रतिशत ज्यादा ब्याज देना होगा। साथ ही एफआरबीएम ऐक्ट भी है। केंद्र रिजर्व बैंक से उधारी ले सकता है और इसका राजकोषीय घाटे पर भी कोई असर नहीं होगा।

अगर 7 दिन बाद आम राय नहीं बनती तो क्या होगा?
तब केंद्र व राज्यों में विवाद होगा। विवाद निपटारा व्यवस्था बनानी होगी। अगर इससे भी मामला नहीं बनता तो राज्य उच्चतम न्यायालय जाएंगे। इससे संघीय ढांचे को नुकसान होगा।

वित्त वर्ष 21 में नहीं बदलीं दिल्ली में बिजली दरें

श्रेया जय
नई दिल्ली, 28 अगस्त

दिल्ली में किसी भी श्रेणी की बिजली दरों में एक और साल कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) ने वित्त वर्ष 2020-21 में अपनी शुल्क अधिसूचना में सभी खपत ढांचे पिछले साल के बराबर ही रखा है।

यह पहला मौका है जब आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में बिजली की दरें नहीं घटाई गई हैं या नई छूट नहीं पेश की गई है। 2015-18 के बीच हर साल बिजली दरें 50 प्रतिशत कम की गई थीं और 2019 में 0-200 यूनिट बिजली खपत पर 100 प्रतिशत सब्सिडी दी गई थी। इसकी वजह से दिल्ली की करीब 50 प्रतिशत आबादी को पिछले वित्त वर्ष में बिजली सब्सिडी मिली थी।

घरेलू श्रेणी में दिल्ली में बिजली दर 3 से 8 रुपये प्रति यूनिट है।

प्रमुख देशों से भारत का व्यापार घटा

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 28 अगस्त

जनवरी के अंत में वैश्विक महामारी पूरी दुनिया में नजर आने लगी, जिसके कारण वैश्विक कारोबार सुस्त पड़ गया। हाल के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इसका असर भारत के हर बड़े निर्यात बाजार पर पड़ा है।

2019-20 में दक्षिण एशिया, आसियान, खाड़ी देशों, चीन और उत्तर अमेरिका के साथ भारत का कारोबार घटा है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि सभी बड़े सेग्मेंट जैसे इंजीनियरिंग के सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल के निर्यात ऑर्डर जनवरी से मार्च के बीच रद्द हुए हैं।

आसियान देशों के साथ भारत के निर्यात में लगातार बेहतर वृद्धि हो रही थी, जिसमें 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं दक्षिण एशिया के साथ द्विपक्षीय कारोबार में सबसे ज्यादा गिरावट आई है, जिस बाजार से भारत को सबसे ज्यादा उम्मीद थी। इस क्षेत्र से आयात पिछले 3 साल से स्थिर रहा है, जबकि 2018-19 से चीन के शिपमेंट की आवाजाही के कारण कारोबार बढ़ा है, जैसा कि वियतनाम सरकार के आंकड़ों से पता चलता है। लेकिन हाल की महामारी और लद्दाख सीमा पर चीन के साथ भारत की खींचतान के कारण आवाजाही रुकी है।

सीमा पर हाल की हिंसा के पहले भी चीन के साथ कारोबार कम हुआ है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक शिपमेंट कम होने के कारण चीन के साथ कुल मिलाकर आयात घटा है। वहीं दूसरी तरफ इस मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात कम हुआ है। खासकर डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी बाजार में भारत की शुल्क मुक्त पहुंच खत्म किए जाने के बाद कारोबार घटा है। भारत को जनरलाइज्य सिस्टम आफ प्रेफरेंस के तहत तरजीही कारोबार का मौका मिलता था, जिसे 2019 में अमेरिका ने खत्म कर दिया था।

अब अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि भारत को प्रमुख आयातों पर शुल्क बढ़ाने की अपनी योजना को रोकने की जरूरत है।

गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के देशों, जिसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, के साथ कारोबार आर्थिक मंदी की वजह से प्रभावित हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात भारत का सबसे बड़ा निर्यात केंद्र रहा है, लेकिन प्रतिस्पर्धी देशों से सस्ता माल आने की वजह से भारत का निर्यात करीब खत्म हो गया है।

अगस्त के शुरुआती संकेतों से सुस्त रिकवरी का पता चलता है। भारत का निर्यात जुलाई में 10.2 प्रतिशत सिकुड़ा है,जो जून के 12.4 प्रतिशत गिरावट की तुलना में कम है। इस दौरान विदेशी मुद्रा कमाने वाले प्रमुख क्षेत्रों जैसे पेट्रोलियम, रत्न, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल का कारोबार कम रहा है। लेकिन कुल मिलाकर कारोबार के विशेषज्ञों ने कहा कि संकुचन जल्द ही खत्म हो जाएगा।

फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ ने कहा कि सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, यूरोपीय संघ, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से निर्यात ऑर्डर व पूछताछ आने से निर्यात क्षेत्र जुलाई 2019 की तुलना में करीब 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

लेकिन 2020-21 में कुल मिलाकर कारोबार सुस्त रहने की उम्मीद है। विश्व व्यापार संगठन के मुताबिक 2020 की पहली छमाही में ही कारोबार 14 प्रतिशत संकुचित हुआ है और 2020 में कुल मिलाकरक कारोबार 13 प्रतिशत कम रहने की संभावना है।

2019-20 में सुस्त पड़ा वैश्विक कारोबार

- दक्षिण एशिया, आसियान, खाड़ी देशों, चीन और उत्तर अमेरिका से घटा कारोबार
- जनवरी से मार्च के बीच इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल के निर्यात ऑर्डर रद्द हुए
- कुल मिलाकर 2021-22 में भी कारोबार सुस्त रहने की उम्मीद है
- अमेरिका द्वारा भारत का तरजीही दर्जा खत्म किए जाने के बाद निर्यात पर पड़ा विपरीत असर

खरीफ में रिकॉर्ड बुआई

28 अगस्त 2020 तक खरीफ का रकबा
(लाख हेक्टेयर में)

फसल	2020-21	2019-20	प्रतिशत बदलाव
धान	389.8	354.4	9.99
दलहन	134.5	128.6	4.60
मोटे अनाज	176.8	172.4	2.55
तिलहन	193.2	170.9	13.04
गन्ना	52.2	51.6	1.18
जूट	6.8	6.8	1.67
कपास	128.4	124.9	2.80
कुल	1,082.2	1,009.9	7.15

स्रोत : कृषि विभाग

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 28 अगस्त

खरीफ फसलों की बुआई 28 अगस्त को समाप्त सप्ताह में अब तक के रिकॉर्ड स्तर 1,082.2 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गई है। इससे इस सीजन के दौरान अनाज उत्पादन ज्यादा होने की उम्मीद बढ़ी है। खरीफ की बुआई का पिछला रिकॉर्ड 2016 का है, जब 1075.7 लाख हेक्टेयर रकबे में बुआई हुई थी। खरीफ की फसल की पैदावार बेहतर रहने के कारण कुल मिलाकर खुदरा महंगाई काबू में रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई 2 से 6 प्रतिशत के बीच में रहने का लक्ष्य रखा है। अप्रैल के बाद से खुदरा महंगाई 7 प्रतिशत के आसपास है, जो मुख्य रूप से खाद्य वस्तुएं महंगी होने की वजह से है। साथ ही अतिरिक्त उत्पादन की मांग को लेकर भी सवाल बना हुआ है और अगर आने वाले महीनों में मांग नहीं बढ़ती है तो कीमतें निचले स्तर पर जा सकती हैं और इससे उत्पादकों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'कुछ इलाकों में धान की रोपाई अभी चल रही है, जबकि दलहन, मोटे अनाज, बाजरा और तिलहन की बुआई करीब खत्म हो गई है। हमें विश्वास है कि 2020-21 में खाद्यान्न उत्पादन 2983.2 लाख टन के लक्ष्य को पार कर जाएगा।'

रुपया 6 महीने के उच्च स्तर पर

पृष्ठ 1 का शेष...

शक्तिकांत दास ने कहा, 'केंद्रीय बैंक के तौर पर हम बॉन्ड एवं मुद्रा बाजार सहित वित्तीय बाजार के सभी खंडों में परिचालन में स्थिरता बनानए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मौजूदा हालात पर पैनी नजर बनाए हुए हैं और भविष्य में सामने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क हैं।' शुक्रवार को नीलामी के दौरान बॉन्ड की बिक्री करने से इनकार करने का आरबीआई का फैसला उसके इसी इरादे की झलक थी।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 6.5 लाख करोड़ रुपये उधार लिए हैं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 73.5 प्रतिशत अधिक है। बाजार की गतिविधियों पर केयर रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'अब इस वर्ष 17 नीलाद्गी हुई है, जिनमें वास्तविक रकम अधिसूचित रकम से अधिक रही।' इस बीच, शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग छह महीने के सर्वोच्च स्तर 73.40 पर पहुंच गया। आरबीआई हाजिर बाजार में दखल देने से दूर रहा।

रुपये की चाल पर फॉरेक्ससर्व के प्रबंध निदेशक सत्यजीत कांजीलाल ने कहा, 'भारत में विदेशी रकम का प्रवाह मजबूत रहा है, जिससे आरबीआई का विदेशी मुद्रा भंडार भरता चला गया। आरबीआई ने डॉलर की खरीदारी कुछ समय के लिए रोक दी और रुपये को मजबूत होने दिया। युआन और येन की देखादेखी रुपया भी डॉलर के मुकाबले सरपट ऊपर भागा।'

एमके ग्लोबल फाइनैंशियल रिसर्च सर्विसेस में प्रमुख (रिसर्च-करेंसी) राहुल गुप्ता ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों की तरफ से वित्तीय प्रणाली में रकम झोंकने के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने का माद्दा बरकरार है।

बीएस सूडोकू 3820

			6					
		9					4	1
		7						2
		4			3		7	
				8	2			
3				9		1		8
					8			7
2	7	6						
8				2				5

परिणाम संख्या 3829

1	5	2	6	9	3	7	4	8
4	7	9	5	8	2	1	3	6
8	3	6	7	1	4	2	9	5
9	1	4	2	6	5	8	7	3
7	2	5	4	3	8	6	1	9
3	6	8	9	7	1	5	2	4
5	9	1	3	2	6	4	8	7
2	4	3	8	5	7	9	6	1
6	8	7	1	4	9	3	5	2

कैसे खेलें?
हर, रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

मध्यम ★★★☆☆

क्षेत्रीय मंडियों के भाव

दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

लखनऊ
गेहूं दड़ा 1635/1645, गेहूं शरबती 2500/2700, चावल शरबती सेला 3700/3750, स्टीम 4100/4200, लालमती 2800/2900, चावल (सोना) 2400/2500, दाल अरहर सवा नं. 7400/7700, पटका 8400/9000, रिजैक्शन 5400/5800, चना दाल 6000/6100, चना देशी छना 6000/6100, चना चापा छना 6000/6200, मटर विदेशी 6100/6200, उड़द साबुत (काला)7000/8000, दाल उड़द (काली) 8200/9300, उड़द धोया 8000/9200, मसूर छोटी 7000/7400, मलका 6400/6500, किरानाः जीरा 15200/18700, लालमिर्च गुंटूर 16000/18500, हल्दी निजाम गट्ठा (50 किलो) 3500/4200, धनिया एमपी 7400/10500, छोटी इलायची (किलो) 1800/2700, बड़ी इलायची 460/550, कालीमिर्च (किलो) 390/425, सुपारी (किलो) 370/415, सौंफ मोटी 7500/10000, मंगरैल 20000/21000, चिरौंजी (किलो) 1000/1050, मखाना 440/600

कानपुर
गेहूं लूज 1650/1660, जौ 1415/1420, चावल मसूरी 1900/2100, चावल मोटा 2000/2050, देशी चना 5200/5250, चना छना 5800/6000, दाल चना 5900/6100, विदेशी मटर 6400/6500, पिचकी 5300/5400, मटर दाल 6600/6700,अरहर लेमन 6000/6100, दाल अरहर 7900/8500, स्पेशल 7000/7200,उड़द एसक्यू 7450/7500, एफएक्यू 6800/6850, राजमा चित्रा 8800/9400, मूंग 5000/6500, मसूर छोटी 5800/6100, छांटी 6800/7200, सरसों 4800/4900, तिल सफेद 8900/9000, सोया (टीन) 1650/1700, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन) 1850/2000, सरसों खल 2200/2275, पामोलिन 1550/1600, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1600/1640, अलसी 6200/6300, धनियाः लोकल 7800/8000, राजस्थान 8200/8400, बढ़िया 9700/10500, हल्दी 7600/8700, जीरा 15400/18800, अजवायन 16000/21000, मेथी 6500/6800, मखाना 450/625, कालीमिर्च (किलो) 350/400, लालमिर्च (किलो) तेजा 170/200, (334) न. 140/150, सुपारी (किलो) केरल 350/390, कर्नाटक चिकनी 410/420, गोला 14500/15500

चंदौसी
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1165, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.)1210, फ्लैक 1175, डीएमओ 857, टरपीन लैस बोल्ड 1225

मुजफ्फरनगर
गुड़ (40 किलो): चाकू कोल्ड 1350/1370, रसकट 1270/1280, चीनी मिल डिली. (क्विं.) (जीएसटी अतिरिक्त): खतौली 3320, सिहोरा 3290, थाना भवन 3300, बुढ़ाना 3305, शामली 3270, चीनी हाजिर 3550/3600

हापुड़
अनाज-दालः गेहूं 1760/1765, चावल परमल 2100/2200, डुप्लीकेट बासमती सेला 4400/4500, बासमती 1121 स्टीम 6300/6400, चना 5000/5100, चनादाल 5600/5700, काबली चना 5300/6500, राजमा देशी चित्रा 8800/9000, मटर दाल 6000/6200, अरहर लेमन 5800/5900, दाल अरहर 7500/8500, मसूर 6100/6200, उड़द देसी 6300/6400, दाल उड़द 7000/7800, धोया 7800/8700, मूंग यूपी 5500/5700, मूंग दाल 7000/7800, गुड़-चीनीः चीनी हाजिर 3500/3550, तिलहनः सरसों (42 प्रतिशत कंडी.) 5300/5325, खलः सरसों 2350/2550, बिनौला 2750/2850, चना छिलका 1800/1850, चोकर मोटा (34 किलो) 535/540

जोधपुर
गेहूं 1850/1865, जौ 1200/1225, ग्वार डिलीवरी (ऑलपेड) 4000/4050, ग्वारगम 6400/6450, बाजरा (गुजरात) 1325/1350, बाजरा (जयपुर) 1350/1365, चना 3850/3950, काबली चना 4800/5800, मूंग 5800/6000, मोठ 6000/6100, रायडा 3700/3800, मूंगफली 4700/4900, सींगदाना 7000/7500, जीरा 14500/16500, मगज तरबूज 11000/11200,

खन्ना
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)128, राइसब्रान (अखाद्य) 125, खल सरसों 2200, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1000, लाल 1000, कंटीन्यूअस 1025, सरसों (टन) 17700, अनाजः गेहूं 1760/1770, आटा (50 किलो)1040, मैदा 1150, चोकर (49 किग्रा) 850, मक्की बिहार 1240/1250 *एनएनएस*

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 13 अंक 164

आबादी (एवं अन्य) विभाजन

कोविड-19 के आंकड़ों में लगातार हो रही वृद्धि और उसके भौगोलिक विस्तार को देखते हुए इस बात में संदेह उत्पन्न हो गया है कि हर दस वर्ष में होने वाली जनगणना का काम समय पर हो सकेगा। इससे इतर हमें इस बात का लगभग अनुमान है कि 1 मार्च को आंकड़ा क्या होगा? राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग की तकनीकी समिति के मुताबिक उस वक्त देश की आबादी करीब 1.36 अरब होगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान प्राय: भारत की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से 4 करोड़ ज्यादा हैं। यानी किसी भी तरह सन 2011 से 2021 के दरमियान देश की आबादी में 15 करोड़ का इजाफा होगा जो सन 1971-81 के बाद किसी एक दशक की सबसे धीमी वृद्धि है। यह वृद्धि 12.6 फीसदी होगी जो कि सन 1970 और 1980 के दशक की वृद्धि दर की तुलना में करीब आधी और आजादी के बाद सबसे धीमी वृद्धि होगी। खासतौर पर प्रति महिला, संतानों का औसत गिरकर 2.2 फीसदी से नीचे जा चुका होगा। इस तरह देखें तो भारत जनसंख्या वृद्धि के एक अहम उभार को पार कर चुका होगा। इस परिदृश्य के मुताबिक भारत एक और दशक तक चीन (आबादी 1.44 अरब) से कम आबादी वाला देश बना रहेगा। पहले जताए गए पूर्वानुमान इसके विपरीत थे। मौजूदा सदी के मध्य में पहुंचने के ठीक बाद भारत की आबादी 1.6 अरब के उच्चतम स्तर पर पहुंचनी चाहिए और उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू होगी। अंतरराष्ट्रीय अनुमानों में पहले कहा गया था कि 2060 में 1.72 अरब के आंकड़े के बाद ऐसा होगा और बाद में संजीव सान्याल (अर्थशास्त्री और वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार) और अन्य के सवालों के बाद इसे घटाकर 1.65 अरब किया गया। भविष्य में इसमें और कमी आ सकती है। इन रुझानों के निहितार्थ विचार करने लायक हैं। जन्म दर में गिरावट के साथ नए विद्यालय जाने वाले बच्चों की तादाद पहले ही 2.5 करोड़ सालाना से कम हो रही है। दूसरी ओर वरिष्ठ नागरिकों की तादाद में इजाफा होगा। हमें कम विद्यालयों और अधिक अस्पतालों और वृद्धाश्रमों की आवश्यकता होगी। अगली चुनौती शहरी क्षेत्र में होगी। देश के दक्षिण और पश्चिम में आबादी का आधा हिस्सा 16 वर्ष में शहरीकृत हो जाएगा। नगरीय शासन को और अधिक अधिकार देने होंगे। बड़े पश्चिमी शहरों की तरह यदि प्रत्यक्ष मेयर निर्वाचन की व्यवस्था लाई जाती है तो शहरी प्रशासन के कुछ मुखिया मुख्यमंत्रियों की तरह महत्त्वपूर्ण हो जाएंगे। राज्य सरकारें स्वाभाविक रूप से बदलाव का विरोध करेंगी। शहर केंद्रित राजनीतिक दल (जैसी कभी शिवसेना थी) सामने आएंगे और नीचे से दबाव बनाएंगे। केंद्र को इसके चलते ऊपर बदलाव करना होगा। इस प्रकार शहरों के नियोजन और प्रबंधन में तब्दीली आएगी। बेकायदा फैलाव की जगह घनी बसाहट होगी ताकि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिले, सामुदायिक दूरी कम करने के लिए मिश्रित उपयोगिता वाले क्षेत्र, विकास के लिए फंड जुटाने के क्रम में संपत्ति कर लगाने में समझदारी बरतनी होगी, बिल्डर लॉबी को अंकुश में रखते हुए सार्वजनिक जगहों और संस्थानों के लिए प्रावधान करने होंगे, जमीन को बेकार करने वाले नियमों को रद्द किया जाएगा वगैरह। पारिवारिक परिसर से बड़े विनिर्माण उद्योगों को बाहर रखना होगा ताकि हवा साफ रहे। महानगरों के गैर किफायती बंदरगाह मसलन कोलकाता आदि को बंद कर उपयोगी अचल सपंत्ति को मुक्त करना होगा। उत्तर-दक्षिण का अंतर भी है।

साप्ताहिक मंथन

टी. एन. नाइनन

तकनीकी समिति के मुताबिक सन 2011 से 36 तक की चौथाई सदी में दक्षिण भारत के सभी राज्यों की आबादी जितनी नहीं बढ़ेगी उससे अधिक लोग बिहार में बढ़ जाएंगे। कुल आबादी में उत्तर प्रदेश और बिहार की हिस्सेदारी 25 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी हो जाएगी। परंतु आबादी के आंकड़े जहां एक दिशा में जाएंगे, वहीं आय दूसरी दिशा में। दक्षिण और पश्चिम के राज्यों की प्रति व्यक्ति आय पहले ही हिंदी क्षेत्र के राज्यों की तुलना में तीन गुना है। इसमें और इजाफा होगा और प्रवासन के जरिये आय और आबादी के अंतर को पाटा नहीं जा सकता। इससे दो चुनौतियां उभरेंगी। राजकोषीय हस्तांतरण (किस राज्य को कितना हिस्सा मिलना चाहिए) पहले ही वित्त आयोग के लिए मुश्किल खड़ी कर रहा है। भविष्य में संसदीय प्रतिनिधित्व में भी बदलाव होगा। यदि उत्तर और दक्षिण के बीच राजनीतिक अंतर पैदा होता है तो झगड़े बढ़ेंगे। उत्तर भारत में पहले ही भारतीय जनता पार्टी का दबदबा है जबकि दक्षिण में क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व है। इन हालात से बचाव के लिए हिंदी प्रदेशों में शासन प्रणाली के मानक में सुधार होना चाहिए और जाति का वर्चस्व घटना चाहिए। इसके लिए शहरीकरण जरूरी है। नए शहर, औद्योगिक समूह और उत्कृष्टता केंद्र उभरने चाहिए। उत्तर प्रदेश को तीन हिस्सों में बांटने की आवश्यकता है। दूरदराज राज्यों तक बेहतर संपर्क भी जरूरी होगा। अभिसरण (कन्वर्जंस) जो अब तक दूरी की कौड़ी है, उसे हकीकत में बदलना होगा।

अजय मोहंती



वृहद-आर्थिक स्थायित्व की चुनौतियां

उत्पादन में आ रही गिरावट के बीच ब्याज दरों में वृद्धि कर पाना आसान नहीं होगा। बता रहे हैं **राजेश कुमार**

कोविड-19 संकट ने भारतीय अर्थव्यवस्था के नीतिगत परिवेश को बेहद जटिल बना दिया है। अगली कुछ तिमाहियों में मौद्रिक नीति, वित्तीय क्षेत्र नियमन और राजकोषीय नीति से संबंधित निर्णयों का अर्थव्यवस्था पर स्थायी प्रभाव देखने को मिलेगा। जहां तक मौद्रिक नीति का सवाल है तो कुल मुद्रास्फीति कई महीनों से निर्धारित लक्ष्य के ऊपरी दायरे में रही है जिससे खासी नीतिगत अनिश्चितता पैदा हुई है। अगर यह तेजी से नीचे नहीं आती है तो मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को उपचारात्मक कदम उठाने होंगे।

हालांकि उत्पादन में हो रही कमी के बीच ब्याज दरों को बढ़ा पाना आसान नहीं होगा। नीतिगत दर पर फैसला लेने वाली समिति संभवत: निकट समय में ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखेगी। ऐसा होने पर मौद्रिक नीति वास्तविक अर्थव्यवस्था को अधिक समर्थन नहीं दे पाएगी। अगर केंद्रीय बैंक दरों में कटौती करने का फैसला करता है तब भी इसका मनचाहा असर नहीं हो पाएगा क्योंकि बाजार इसकी सीमा को कम करने और एक त्वरित बहाली की संभावना की राह में आएंगे।

इसके अलावा नीति-निर्माण में निकट अवधि की जटिलताओं से परे मुद्रास्फीति लक्ष्य की कुछ महीनों में ही समीक्षा की जाएगी। भले ही मुद्रास्फीति पिछले महीनों में लक्षित दायरे से अधिक रही है लेकिन मुद्रास्फीति निर्धारण ढांचे के लचीला होने से यह कारगर साबित हुआ है। फिर भी कुछ टिप्पणीकारों ने सलाह दी है कि ऊंची मुद्रास्फीति को जगह देने के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्य को संशोधित किया जाना चाहिए या फिर मौद्रिक नीति ही प्रमुख मुद्रास्फीति पर केंद्रित की जाए। ऊर्जित पटेल समिति ने इन सभी मुद्दों पर विचार कर रुख साफ कर दिया था।

भले ही मूलभूत तर्क में कोई परिवर्तन नहीं आया है लेकिन सरकार समूचे ढांचे की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ पैनल का गठन कर सकती है। हालांकि यह सुनिश्चित करना होगा कि अगर कोई परिवर्तन किए जाते हैं तो उनके पीछे वाजिब कारण हों। अगर ऐसी धारणा बनती है कि नीतिगत प्रतिष्ठान केवल ऊंची मुद्रास्फीति को आत्मसात करने के लिए ऐसा कर रहा है तो उससे नीतिगत विश्वसनीयता प्रभावित होगी और वित्तीय स्थायित्व के बारे में जोखिम भी बढ़ेगा। वास्तव में, इसके पीछे सोच मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण ढांचे को सशक्त करने की होनी चाहिए। विगत अतीत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रिवर्स रीपो दर में कटौती करने का फैसला किया है। हालांकि रिवर्स रीपो पर फैसला करना एमपीसी के अधिकार-क्षेत्र के बाहर रखा गया है लेकिन इसे नीतिगत रीपो दर से जोड़ा गया है और आर्थिक प्रणाली में तरलता बढ़ने पर रीपो दर तय करने वाली समिति व्यावहारिक रूप से फालतू हो जाती है। इस तरह तरलता अधिशेष की स्थिति में रिवर्स रीपो दर ही प्रभावी दर हो जाती है और आरबीआई तकनीकी रूप से एमपीसी के बाहर भी ब्याज दर में कटौती कर सकता है। लेकिन एमपीसी को दरकिनार किए जाने के किसी भी संकेत से परहेज करना चाहिए। अगर ब्याज दरों में कटौती करने की जरूरत है तो यह काम केवल एमपीसी के माध्यम से ही किया जाना चाहिए।

खास तवज्जो की मांग करने वाला एक अन्य मुद्दा वित्तीय क्षेत्र की हालत है। कर्ज भुगतान पर दी गई छूट जल्द ही खत्म होने वाली है और आरबीआई ने कर्ज के एकबारगी पुनर्गठन की मंजूरी दे दी है। जहां इस पुनर्गठन कार्यक्रम के ब्योरे को अनुभवी बैंकर के वी कामत की अगुआई वाला एक पैनल अंतिम रूप दे रहा है, वहीं यह सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि बैंक इस व्यवस्था का इस्तेमाल अपने फंसे कर्ज को छिपाने के लिए न करें। बैंकिंग नियामक आरबीआई को बैंकों एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के बहीखाते की जांच करते समय अधिक सजग रहने की जरूरत होगी। किसी बैंक के बहीखाते की वास्तविक स्थिति लंबे समय तक छिपे रहने की स्थिति से बचा जाना चाहिए।

वित्तीय प्रणाली में फंसे कर्ज की समस्या गहराने की बढ़ती आशंका वित्तीय स्थायित्व एवं आर्थिक प्रगति दोनों के लिए खतरा पैदा कर सकती है। आरबीआई को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पर्याप्त पूंजी डाले और वह ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नियमों को शिथिल न करने लगे। रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने भी अपनी किताब 'क्वेस्ट फॉर रीस्टोरिंग फाइनैंशियल स्टेबिलिटी इन इंडिया' में कहा है कि आरबीआई को नियामकीय सहिष्णुता पर सरकार के साथ संवाद में खींच लिया जाता है क्योंकि नुकसान को समय पर स्वीकार कर लेने से सार्वजनिक बैंकों के लिए अतिरिक्त पूंजी जरूरी हो जाती है और बजट पर दबाव बढ़ जाता है। सरकार और नियामक दोनों को ही इस स्थिति से बचने की जरूरत है। आने वाली तिमाहियों में रिजर्व बैंक बढ़ते वित्तीय तनाव से जिस तरह निपटेगा, वह वित्तीय स्थायित्व सुनिश्चित करने के अलावा वृद्धि को सशक्त करने के लिए अहम होगा। इसका पहला इम्तिहान कर्ज पुनर्गठन कार्यक्रम में ही हो जाएगा।

आखिर में, यह काफी महत्त्वपूर्ण होगा कि सरकार मध्यम अवधि में अपने वित्त का प्रबंधन किस तरह करती है। केंद्र सरकार ने अपनी उधारी लक्ष्य को बजट अनुमान से 50 फीसदी तक बढ़ा दिया है। लेकिन इसने संशोधित उधारी लक्ष्य का 50 फीसदी हिस्सा तो पहली तिमाही में ही पार कर लिया है। इसका मतलब है कि दूसरी तिमाही में हालात सुधरने पर भी बढ़ी उधारी का इस्तेमाल काफी हद तक राजस्व में आई गिरावट की भरपाई के लिए किया जाएगा। कुछ लोगों के सुझावों के विपरीत सरकार अपना व्यय बढ़ाकर आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने की हालत में शायद नहीं है। इस बारे में सरकार को निकट अवधि में एक फैसला लेने की जरूरत होगी।

सरकारी उधारी में खासी बढ़ोतरी होने से कर्ज का बोझ बढ़ेगा। इसके पहले से ही इस साल अधिक रहने की आशंका जताई जा रही है। राज्यों के लिए उधारी की सीमा में आगे चलकर और छूट दी जा सकती है क्योंकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि सामान्य सरकारी घाटा इस पर निर्भर करेगा कि महामारी का प्रकोप खत्म होने के बाद आर्थिक वृद्धि दर कितनी कम रहती है। वृद्धि दर में गिरावट से ऋण टिकाऊपन संबंधी जोखिम बढ़ सकते हैं। इस लिहाज से नीति-निर्माताओं को अर्थव्यवस्था की तात्कालिक जरूरतों एवं दीर्घावधि आर्थिक स्थायित्व को कायम रखने के बीच बढ़िया संतुलन साधने की जरूरत होगी।

नगालैंड शांति समझौते की राह में विश्वास का संकट

सियासी हलचल

आदिति फडणीस

नगालैंड के राज्यपाल आर एन रवि को जरूर बुरा लग रहा होगा। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रह चुके रवि ने नगालैंड में सक्रिय उग्रवादी संगठनों को समझौता प्रारूप पर सहमत करने के लिए पांच साल लगाए हैं। इस समझौते पर भारत सरकार और नैशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड- आइजक मुइवा गुट (एनएससीएन-आईएम) ने हस्ताक्षर किए थे। अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद रवि का जिक्र गृह मंत्रालय में महज संदर्भ के रूप में किया गया है। मंत्रालय की एक फाइल में वाई डी गुंडेविया (पूर्व विदेश सचिव), एल पी सिंह (पूर्व गृह सचिव), के पद्मनाभैया (पूर्व गृह सचिव) और आर एस पांडेय (नगालैंड के पूर्व मुख्य सचिव) के साथ रवि का भी नाम लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनएससीएन-आईएम के प्रमुख थुइंगलेंग मुइवा ने वर्ष 2015 में नगा पहचान एवं संप्रभुता के मुद्दे का समाधान करने वाले प्रारूप समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इससे देश में उग्रवाद के सबसे पुराने गढ़ में शांति स्थापना की उम्मीदें जगी थीं। हालांकि इस समझौते के ब्योरे के बारे में संसद तक को जानकारी नहीं दी गई।

आज पांच साल बाद एनएससीएन-आईएम नगा वार्ताकार के रूप में रवि की जगह किसी और को लाने की मांग कर रहा है। उसने आरोप लगाया है कि रवि ने उसे उगाही करने वाला और ठग संगठन बताकर छवि खराब करने की कोशिश की है। दूसरी तरफ रवि ने एक आदेश जारी कर सभी सरकारी कर्मचारियों से यह घोषणा करने को कहा है कि उनके किसी भी रिश्तेदार का एनएससीएन-आईएम या दूसरे उग्रवादी संगठन से कोई नाता नहीं है। दरअसल दोनों पक्षों के बीच विश्वास की खाई गहरी एवं चौड़ी हो चुकी है। ऐसा लगता है कि एनएससीएन-आईएम की जीत होने वाली है क्योंकि रवि को वार्ताकार के दायित्व से मुक्त करने की अटकलें चलने लगी हैं।

आखिर ऐसी स्थिति कैसे आ गई? रवि ने 17 अगस्त, 2019 को कहा था कि प्रधानमंत्री ने उनसे प्रारूप समझौते पर चल रही वार्ता तीन महीने में पूरा करने को कहा है। उन्होंने कहा था, 'पिछले पांच वर्षों में हमने सभी अहम मुद्दों का सुविधाजनक समाधान निकाल लिया है।' लेकिन इस आश्वस्तकारी माहौल के पीछे एक बेचैनी भी थी। प्रधानमंत्री के व्यग्र होने के अलावा बातचीत की मियाद तय कर दी गई थी और रवि पर एनएससीएन को हस्ताक्षर के लिए राजी कराने का दबाव भी था। उन्होंने सोचा कि मामला लगभग निपट चुका है। आखिर इस करार के तहत एनएससीएन नगा संप्रभुता का मुद्दा छोड़ने के अलावा भारतीय संघ के भीतर समाधान के लिए भी राजी दिख रहा था। लेकिन मामला कहीं अधिक जटिल था। सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जे को खत्म कर दिया। इस कदम से पूर्वोत्तर के राज्य भी अनुच्छेद 371 के तहत मिले संवैधानिक संरक्षण बरकरार रहने को लेकर आशंकित हो गए। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में बयान देकर पूर्वोत्तर राज्यों को आश्वस्त करने की कोशिश की लेकिन यह नाकाफी साबित हुआ। एनएससीएन-आईएम ने भी प्रारूप समझौते के प्रावधानों पर नए सिरे से गौर करना शुरू कर दिया। आखिर वह नगा लोगों के लिए जिस अलग संविधान एवं झंडे की मांग करता रहा है जम्मू कश्मीर को उसी से वंचित किया गया था। रवि की अपनी मजबूरियां थीं। उन्हें अक्टूबर 2019 तक एक समझौता हासिल करना था। लेकिन यह तभी हो सकता था जब एनएससीएन-आईएम के पास हस्ताक्षर के अलावा कोई चारा ही नहीं बचे। ऐसी स्थिति में रवि ने पुरानी तरकीब अपनाते हुए विरोधी धड़ों को अलग बैनर एनएनपीजी के तहत ला खड़ा किया। इस समूह ने प्रारूप समझौते का समर्थन करने के अलावा उस पर दस्तखत करने की हामी भी भरी। रवि को उम्मीद थी कि अलग-थलग पड़ने के दबाव में एनएससीएन वार्ता के लिए तैयार हो जाएगा।

लेकिन एनएससीएन-आईएम को अहसास हो गया कि सरकार उसे कमतर करने की कोशिश कर रही है लिहाजा उसने भी दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसके मुखिया मुइवा ने फरवरी में नॉर्थ ईस्ट लाइव को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि पुराने मसले अभी तक सुलझाए नहीं जा सके हैं। सभी नगाओं के लिए अलग नगालिम की स्थापना, एक सरकार, अपना झंडा और संविधान जैसी मांगों पर वह अड़े थे। इस पर रवि ने कहा कि इसकी पेशकश ही नहीं की गई है। रवि ने एक साक्षात्कार में कहा, 'वार्ता संपन्न करने में हो रही देरी के लिए पूरी तरह एनएससीएन-आईएम जिम्मेदार है। वह समाधान के लिए तैयार नहीं दिखता है और पहले से सहमत बिंदुओं की अलग व्याख्या कर देर करने की तरकीब अपना रहा है। एक सांस्कृतिक इकाई का गठन कर नगा पहचान कायम रखने पर सहमति बनी थी लेकिन अब वह इसे राजनीतिक एवं कार्यकारी भूमिका भी देने की बात कर रहा है।' हाल ही में एनएससीएन-आईएम ने 'वार्ताकार के रूप में रवि की कारगुजारियां' शीर्षक से एक पुलिंदा जारी किया है। इसमें संसद की स्थायी समिति को रवि की तरफ से पेश रिपोर्ट में नगा मसले का समाधान भारत के भीतर तलाशने की बात करने के लिए उन पर हमले बोले गए हैं। राज्यपाल की तरफ से राज्य सरकार को लिखे गए पत्र में विद्रोही संगठनों को 'सशस्त्र समूह' बताए जाने पर भी एतराज जताया गया। उसका कहना है कि रवि ने इन संगठनों पर समानांतर सरकार चलाने के आरोप भी लगाए हैं। ऐसी स्थिति में एनएससीएन-आईएम ने अपनी नाराजगी को खुलकर जाहिर करते हुए कहा कि अब वह रवि को वार्ताकार के तौर पर नहीं देखना चाहता है। सरकार ने भी मौके की नजाकत को समझा है और हाल ही में इस मसले पर दिल्ली में हुई बैठक में रवि नदारद रहे। प्रत्यक्ष रूप में देखें तो एनएससीएन-आईएम को मांगी हुई चीज मिल गई है। इस तरह उसने अपने विरोधियों को अपनी ताकत का अहसास भी करा दिया है। अगला कदम रवि को उठाना है। यह समय महत्त्वपूर्ण होने के साथ संवेदनशील भी है। अगर घटते जनसमर्थन के बावजूद एनएससीएन- आईएम फिर से हथियार उठाता है तो उसे फिर से बातचीत की मेज पर लाया जा सकता है।

आपका पक्ष

करदाता चार्टर की योजना उचित

केंद्र सरकार ने कराधान की नई व्यवस्था लागू की है जिस पर बहस जारी है। देश का यह दुर्भाग्य ही रहा है कि अब तक कोई व्यवस्थित कर प्रणाली लागू नहीं की गई जिससे विवाद और कानूनी जटिलताओं से निजात मिल सके। सरकार ने करदाता चार्टर के माध्यम से विवाद खत्म करने की कोशिश की है जो समय को देखते हुए प्रासंगिक है। इस चार्टर से व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। समय पर करों के भुगतान से अदालती विवाद भी थमेंगे। कोरोना संक्रमण व्यवसाय पर ग्रहण की तरह लगा है जिसके दुष्परिणाम लंबे समय तक देखने को मिलेंगे। पूर्व कर प्रणालियों से भले ही लोगों को अपेक्षित फायदा नहीं मिला हो पर सरकार का यह प्रयास अवश्य सफल होगा। कालाधन, करचोरी, धोखाधड़ी को बाहर रखकर सरकार ने अच्छा ही किया है। इससे इन गतिविधियों को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और अंकुश लगाने में भी मदद मिलेगी। अब जरूरत इस बात की है कि नई प्रणाली को ईमानदारी से देशभर में लागू किया जाए जिससे सरकार और व्यापारियों दोनों का भला हो सके।

सरकार ने करदाता चार्टर के माध्यम से विवाद खत्म करने की कोशिश की है

अमृतलाल मारू, धार

प्रतिस्पर्धा में भाषा नहीं बने बाधा

एक देश, एक भाषा देश की एकता की डोर को मजबूत कर सकती है, जबकि भाषा के नाम पर भेदभाव देश की एकता एवं अखंडता के लिए भी अनुचित है। मोदी सरकार ने जो देश की शिक्षा नीति में लगभग 34 वर्ष बाद बदलाव करते हुए, इसमें देश की भावी पीढ़ी को प्राथमिक शिक्षा स्थानीय और हिंदी में देने का जो प्रावधान किया, उसका देश के कुछ नेता और अन्य लोग विरोध कर रहे हैं। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष देश की कोई एक भाषा की नहीं होना बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो जिसकी अपनी राष्ट्रभाषा न हो। जब तक सारे देश की एक भाषा नहीं बन जाती, तब तक देश की राजभाषा हिंदी न तो राष्ट्रभाषा बन सकती है और न ही सारे देश में इस भाषा को स्कूलों में पढ़ाया जाने लगेगा। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा और हिंदी में आरंभिक शिक्षा में देने का प्रावधान तो अच्छा है, लेकिन इस प्रावधान में कुछ ज्यादा परिवर्तन नहीं माना जा सकता, क्योंकि भारत में कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसे हैं, इन सभी के लगभग सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषा का प्रयोग ही होता आया है। लेकिन जो लोग सरकारी और निजी कंपनियों में ऐसी नौकरी करते हैं, जिनका अक्सर तबादला होता रहता है, तो ऐसे लोगों के बच्चों को अपनी पढ़ाई उस जगह जारी रखना नई शिक्षा नीति के तहत मुश्किल होगी।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in पत्र/ईमेल में अपना डाक पता और टेलीफोन नंबर अवश्य लिखें।

देश-दुनिया

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को पुणे के बाणेर इलाके में एक कोविड-19 अस्पताल के उद्घाटन के मौके पर साथ नजर आए।

फोटो-पीटीआई

खबरों में

रेपको होम फाइनैंस

Continuously hit upper circuits through the week
₹177.8 PREVIOUS CLOSE
₹186.6 CLOSE
▲5% UP

फेडरल बैंक

Gains most in 4 months, Volume surges
₹56.1 PREVIOUS CLOSE
₹60.5 CLOSE
▲7.8% UP

कोरोमंडल इंटरनैशनल

Stock hits new all-time high at ₹831
₹801.8 PREVIOUS CLOSE
₹812.9 CLOSE
▲1.4% UP

आज का अहम शेयर

सन फार्मा

Stock hit 22-month high at ₹556, up 76 per cent since 8-year low in Mar 2020

निफ्टी 50

Company	Close (₹) 28 Aug '20	% Chg	Wt (%)	PE Con	PE Std	Company	Close (₹) 28 Aug '20	% Chg	Wt (%)	PE Con	PE Std
Adani Ports	360.1	2.7	0.5	20.9	42.2	IOC	87.8	0.7	0.8	-	-
Asian Paints	1958.1	-1.2	1.7	82.8	83.4	ITC	195.6	0.7	4.7	15.7	16.8
Axis Bank	509.2	7.6	2.6	84.1	113.8	JSW Steel	280.7	-3.0	0.8	28.1	18.3
Bajaj Auto	3014.2	-0.9	0.8	19.0	19.4	Kotak Mah Bank	1467.1	3.3	4.2	34.1	49.8
Bajaj Fin	3670.8	1.1	1.9	42.0	47.8	L & T	981.9	0.6	2.7	16.5	23.4
Bajaj Finsrv	6545.6	0.2	0.8	27.9	156.1	Mah & Mah	631.4	-0.8	1.2	617.9	-
Bharti Airtel	523.5	2.4	2.4	-	-	Maruti Suzuki	7104.1	0.1	1.8	37.8	54.1
Bharti Infratel	201.5	0.8	0.3	12.0	17.6	Nestle India	16101.3	-0.1	1.1	-	74.6
BPCL	415.1	0.5	0.8	29.5	24.4	NTPC	101.6	-1.0	1.0	8.7	10.1
Britannia	3793.9	-0.6	0.9	53.8	52.2	ONGC	80.4	0.2	0.8	9.3	7.6
Cipla	748.6	-1.0	0.7	36.7	27.0	Power Grid	182.3	-1.6	0.9	8.6	9.2
Coal India	139.1	-1.1	0.6	5.1	7.6	Reliance Ind	2116.2	0.3	13.3	31.6	42.4
Dr Reddys	4374.3	-1.4	1.0	37.4	21.8	SBI	224.9	4.3	1.7	9.3	12.3
Eicher Motor	2213.6	-1.0	0.6	45.8	42.7	Shree Cement	21329.6	-0.9	0.6	-	48.8
GAIL	99.1	-0.1	0.4	4.7	8.0	Sun Pharma	555.8	4.4	1.2	184.7	44.7
Grasim Ind	701.2	2.4	0.5	13.5	57.7	Tata Motors	142.8	-1.0	0.5	-	-
HCL Techno	706.5	-0.5	1.5	16.3	20.1	Tata Steel	424.2	-0.6	0.6	-	7.5
HDFC	1883.3	1.0	6.6	15.7	19.2	TCS	2238.6	-0.4	4.6	26.9	27.4
HDFC Bank	1114.5	0.2	9.4	22.5	22.4	Tech Mahindra	752.4	2.3	0.9	18.0	15.9
HDFC Std Life	589.4	-1.1	0.9	91.7	90.0	Titan Company	1134.1	-0.3	0.9	67.1	114.8
Hero MotoCorp	3059.3	-2.6	0.8	16.8	25.1	UltraTech	4062.6	0.4	0.9	22.0	23.5
Hindalco	193.8	-0.6	0.6	11.6	78.2	UPL	519.3	4.5	0.6	20.3	66.5
HUL	2152.0	-0.9	3.8	74.9	73.7	Wipro	272.1	-0.1	0.8	16.0	17.5
ICICI Bank	409.7	4.5	5.5	29.5	32.8	Zee Enter	213.9	2.1	0.4	779.5	68.5
IndusInd Bank	665.7	9.9	0.8	-	13.4	Nifty 50	11647.6	↑0.8	100.0	24.5	26.8
Infosys	935.3	-1.2	6.7	23.4	24.9						

एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स स्टॉक

Asian Paints	1957.7	-1.2	2.0	82.8	83.3	Mah & Mah	631.2	-0.8	1.4	617.7	-
Axis Bank	509.6	7.7	2.9	84.2	113.9	Maruti Suzuki	7098.9	-0.1	2.1	37.8	54.1
Bajaj Auto	3013.1	-0.9	0.9	19.0	19.4	Nestle India	16104.5	0.0	1.3	-	74.6
Bajaj Fin	3672.3	1.1	2.2	42.0	47.8	NTPC	101.5	-1.0	1.1	8.7	10.1
Bajaj Finsrv	6544.2	0.2	0.9	27.9	156.0	ONGC	80.3	0.1	0.9	9.3	7.6
Bharti Airtel	523.6	2.5	2.8	-	-	Power Grid	182.3	-1.6	1.0	8.6	9.2
HCL Techno	705.8	-0.6	1.7	16.3	20.1	Reliance Ind	2115.6	0.2	15.3	31.6	42.4
HDFC	1882.4	1.1	7.6	15.7	19.1	SBI	224.9	4.2	1.9	9.3	12.3
HDFC Bank	1115.0	0.3	10.8	22.5	22.4	Sun Pharma	555.8	4.3	1.4	184.7	44.8
HUL	2152.2	-1.0	4.3	74.9	73.7	Tata Steel	424.1	-0.6	0.7	-	7.5
ICICI Bank	409.8	4.4	6.3	29.5	32.8	TCS	2237.1	-0.5	5.3	26.9	27.4
IndusInd Bank	656.6	8.4	0.9	-	13.2	Tech Mahindra	752.3	2.3	1.0	18.0	15.9
Infosys	934.9	-1.2	7.8	23.4	24.9	Titan Company	1134.1	-0.2	1.1	67.1	114.8
ITC	195.6	0.7	5.4	15.7	16.8	UltraTech	4062.5	0.3	1.1	22.0	23.5
Kotak Mah Bank	1467.7	3.4	4.8	34.1	49.8	BSE SENSEX	39467.3	↑0.9	100.0	25.5	27.4
L & T	981.8	0.7	3.1	16.5	23.4						

C = Consolidated; S = Standalone

वैश्विक सूचकांक

Indices	Close	% Chg*	Indices	Close	% Chg*
Americas (Aug 27,20)			**Asia/Pacific (Aug 28,20)**		
Dow Jones	28492.3	0.6	Shanghai Se Comp	3403.8	1.6
Nasdaq Composite	11625.3	-0.3	Straits Times	2539.6	0.8
S&P/ TSX Composite	16731.5	-0.4	Kospi	2353.8	0.4
Europe/Africa (Aug 27,20)			Stock Exchange of Thai	1323.3	-0.3
IBEX 35	7117.5	0.4	Jakarta Composite	5346.7	-0.5
FTSE 100	5987.2	-0.2	Taiwan Taiex	12728.9	-0.5
CAC 40	4996.1	-0.4	Kuala Lumpur Comp	1525.2	-1.9
DAX	13015.7	-0.6	**Volatility (Aug 27,20)**		
Asia/Pacific (Aug 28,20)			CBOE Dow Jones	24.4	4.4
Hang Seng	25422.1	0.6	CBOE S&P 500	25.2	2.8
Nikkei 225	22882.7	-1.4			

* Change over previous close

प्रमुख सूचकांक

	Previous Close	Open	High	Low	Close	Change	% chng
S&P BSE Sensex	39,113.5	39,264.5	39,579.6	39,235.0	39,467.3	353.8	0.9
S&P BSE Sensex 50	12,102.3	12,146.5	12,232.9	12,140.2	12,192.9	90.7	0.7
S&P BSE-100	11,690.1	11,734.6	11,813.0	11,730.9	11,772.5	82.3	0.7
S&P BSE-200	4,900.1	4,919.3	4,951.3	4,918.1	4,933.8	33.7	0.7
S&P BSE-500	15,217.1	15,276.4	15,369.0	15,273.0	15,309.6	92.5	0.6
S&P BSE IPO	6,341.0	6,365.6	6,367.7	6,294.7	6,324.5	-16.4	-0.3
S&P Dollex-30	4,344.8	-	-	-	4,421.7	76.9	1.8
Nifty 50	11,559.3	11,603.0	11,686.1	11,589.4	11,647.6	88.3	0.8
Nifty next50	27,935.6	28,075.0	28,159.6	27,973.9	28,018.8	83.2	0.3
Nifty 500	9,580.7	9,623.0	9,675.9	9,614.8	9,641.1	60.3	0.6
India VIX	18.9	18.9	18.9	16.7	18.3	-0.6	-2.9
Nifty CPSE	1,546.2	1,560.7	1,570.7	1,545.0	1,547.1	0.9	0.1
MSE SX 40	22,917.8	22,917.8	23,093.4	22,917.8	23,093.4	175.5	0.8

बढ़े/घटे

मार्केट ओवरव्यू

INDEX AGGREGATES	PE C/S	SHRS MN	TRDS '000	ADV	DEC	1 YR RETURN
SENSEX	25.5/27.4	22.5	356	17	13	5.4
NIFTY 50	24.5/26.8	807.0	7347	25	25	5.4

C = CONSOLIDATED; S = STANDALONE

TURNOVER	CASH BSE	CASH NSE	DERIVATIVES BSE	DERIVATIVES NSE
VALUE(IN ₹ CRORE)	4290	72900	-	1402336
SHARES(IN MN)	708.4	4911.9	-	6889.2
TRADES(000)	2301	20228	-	11158

MARKET-CAP (₹ CR)	TRADED	TOTAL
BSE	15,886,044	16,045,671
NSE	15,726,063	15,860,843
DERIVATIVES	11,651,517	11,651,517

'कारोबारी गतिविधि

(₹ crore)	FIIs Equity Net	FIIs Debt Net	MF Equity Net	MF Debt Net
On 27 Aug	1433	-1321	-	-
On 26 Aug	1654	417	-413	602
On 25 Aug	1754	-1040	19	2991
On 24 Aug	1062	130	142	-956
On 21 Aug	438	968	-260	3019
Aug till date	47518	-2045	-7292	19340
2020 till date	36958	-110317	23071	124092

डेरिवेटिव में एफआईआई

(₹crore)	Index NET	Stock Net	Index Fut OI	Index Opt OI	Stock OI
On 27 Aug	2064	128	0.1	0.5	1.2
On 26 Aug	121	-673	0.2	0.8	1.3
On 25 Aug	364	-183	0.1	0.8	1.4
On 24 Aug	1246	554	0.1	0.7	1.4
On 21 Aug	1918	280	0.1	0.7	1.4
Aug till date	12485	-9783	-	-	-
2020 till date	103378	-2309	-	-	-

OI in number of contracts(million)

एसऐंडपी बीएसई सेक्टर सूचकांक

	Prev cls	Close	% Chng
Auto	18,451.8	18,292.8	-0.9
Bankex	26,819.7	27,891.8	4.0
Cons. Durables	23,500.4	23,482.8	-0.1
Cap. Goods	14,190.6	14,276.0	0.6
FMCG	11,626.3	11,586.8	-0.3
Healthcare	19,312.5	19,278.8	-0.2
Infra	152.7	152.6	0.0
IT	18,286.1	18,179.5	-0.6
Metal	9,175.0	9,150.2	-0.3
Oil & Gas	13,294.4	13,350.8	0.4
Power	1,733.3	1,735.6	0.1
PSU	5,280.8	5,345.4	1.2
Realty	1,842.2	1,845.1	0.2

एफऐंडओ स्नैपशॉट

MOST BULLISH	Futures price	Cash price	Premium (%)	MOST BEARISH	Futures price	Cash price	Discount (%)
Vodafone Idea	10.2	10.1	1.0	PVR	1399.4	1445.6	-3.2
SAIL	41.3	41.0	0.7	LIC Hsg Fin	308.0	314.3	-2.0
Bharti Infratel	202.9	201.5	0.7	Maha Gas	972.4	992.3	-2.0
NIIT Techno	2014.6	2001.5	0.7	Power Grid	179.3	182.3	-1.6
Tata Chem	330.0	327.9	0.6	Chola Inv	246.4	249.8	-1.3

	BSE Index	BSE Stock	NSE Index	NSE Stock
FUTURE				
Contracts	-	-	501830	965974
Open Int.(000)	-	-	14289	3277227
Shares(In Mn)	-	-	20.3	2928.5
Value(₹ crore)	-	-	34567	68239
OPTIONS				
Contracts	-	-	17474380	1130924
Open Int.(000)	-	-	118374	1506398
Shares(In Mn)	-	-	726.1	3214.3
Value(₹ crore)	-	-	1216370	83160

पुट-कॉल रेशियो

(Open Interest in Mn)	Put	Call	PC Ratio
Market	624.3	1000.5	0.6

Top 5	PC Ratio	Bottom 5	PC Ratio
Vedanta	1.9	Amara Raja	0.2
JSW Steel	1.3	Info Edge	0.2
IndusInd Bank	1.3	Voltas	0.2
Ashok Leyland	1.2	Godrej Cons	0.2
NMDC	1.2	Torrent Pwer	0.2

एक्टिव कॉल

(In Million)	Expiry Date	Strike Price	Traded Qty	Open Interest	% Chg (OI)
Index					
Nifty	03/09/20	11700	38.2	1.6	34.4
Nifty	03/09/20	11600	30.7	1.3	-10.7
Nifty	03/09/20	11800	27.2	1.8	30.4
Nifty Bank	03/09/20	24500	24.2	0.4	63.7
Nifty Bank	03/09/20	25000	21.8	0.6	100.7
Stock					
Vodafone Idea	24/09/20	12	101.5	36.8	369.6
Vodafone Idea	24/09/20	10	91.0	42.1	323.9
Vodafone Idea	24/09/20	13	69.6	19.5	379.3
Vodafone Idea	24/09/20	15	68.3	18.9	462.5
Vodafone Idea	24/09/20	11	67.1	24.4	370.3

एक्टिव पुट

(In Million)	Expiry Date	Strike Price	Traded Qty	Open Interest	% Chg (OI)
Index					
Nifty	03/09/20	11600	35.2	2.3	136.7
Nifty	03/09/20	11500	24.8	2.8	46.5
Nifty	03/09/20	11400	16.6	1.9	5.2
Nifty Bank	03/09/20	23500	13.9	0.7	189.0
Nifty Bank	03/09/20	24000	13.4	0.7	1333.9
Stock					
Vodafone Idea	24/09/20	8	71.8	35.8	141.5
Vodafone Idea	24/09/20	7	49.8	27.4	168.5
Vodafone Idea	24/09/20	9	40.2	17.6	600.0
Vodafone Idea	24/09/20	10	23.7	14.7	144.2
Vodafone Idea	24/09/20	6	18.5	12.0	72.0

वॉल्यूम में तेजी

Company	Days Volume	2-week Avg Volume	Change	Close price	*Price %chg
Ahluwalia Co	2764257.0	84439.2	3173.7	280.1	-3.7
Sheela Foam	1013451.0	33987.5	2881.8	1379.8	0.1
ICICI Securitie	14655757.0	610998.5	2298.7	492.0	0.2
Tribhovandas Bh	4868156.0	251647.6	1834.5	42.0	8.1
Security & Inte	1203244.0	78575.2	1431.3	391.9	-1.7
Sundaram Fin	580386.0	39110.9	1383.9	1671.8	11.1
Mahindra EPC	2216113.0	158352.7	1299.5	177.0	6.7
Beardsell	200720.0	18865.9	963.9	9.2	4.5
NMDC	69664245.0	6661454.5	945.8	107.5	12.0
GVK Power	61827037.0	5944272.7	940.1	3.3	-4.9

52 सप्ताहों का उच्चतम और निम्नतम

Company	Price	Company	Price	Company	Price	Company	Price
HIGH		*Smruthi Organic	260.5	**LOW**		*RTFL	9.9
BS 200		*National Std	258.0	BS 200		*Innovative Idea	9.9
*Dixon Tech	8821.9	Globus Sprt	195.9	NONE		Hiliks Tech	9.7
*Divis Lab	3378.7	*Xelpmoc Des	181.9	Others		*Adcon Ca	8.8
*L & T Infotech	2530.0	*Manvijay Dev	173.5	*Ind.Link Chain	392.5	*Roselabs Fin	8.7
*SBI Card & Pay	845.0	*Source Natural	172.6	SAR Auto Pr	288.1	*Panth Infi	8.6
*Coromndl Int	830.8	Vanta Biosci	171.9	*Shree Gan Bio	103.9	*Indus Finance	7.3
Sun Pharma	564.9	*Mangalam Drg	170.9	*Rodium Relty	74.1	*Anka India	7.2
NOCIL	140.0	Sheetal Cool	153.5	*Cochin Malaber	45.8	*Rajath Finan	7.0
*GMR Infra	28.3	*Kavit Inds	150.0	*Thakkers Dev	43.5	*Taaza Intern	6.3
Others		*Ceinsys Tech	140.6	Nam Securities	32.8	*Siel	6.1
*Atul	6441.4	*Astra Micro	134.9	*Ras Resorts	32.5	*Arihant Sec	6.1
*Wendt	4257.8	*Rossell India	132.6	*Trident Texofab	27.9	*Steel Strip	6.0
*DSP Blackrock L	1000.0	*Transgl.Food	129.8	*Futuristic Sol	26.4	*Sabrimala Inds	5.8
*Most Shares ETF	885.0	ASM Tech	118.6	*T.N.Steel Tu	24.1	*Syschem (I)	5.4
*Sarasw.Comm.	874.8	Chaman Lal	114.4	*Indagiv Comm	21.8	*Spice Islan	5.3
*PTC Inds	810.0	*Arex Inds	107.9	*Shah Foods	18.1	*Netripples Soft	5.3
*Manorama Inds	767.0	*ABM Knowldg	107.0	Radhagobind Com	16.7	Sunraj Dmnd	5.1
*Nxt Digital	719.0	Natural Caps	99.9	*Spectrum Foods	15.8	*Vallabh Poly	4.9
Kiri Inds	612.4	*Shangar Decor	99.2	*Dhruv Est	13.7	*Swagruha Infra	4.7
*Nucleus Soft	579.1	*AKME Star Hou F	99.0	*Shri Niwas Leas	13.7	*Dhruva Capital	4.4
*Expleo Solution	532.0	*Amaze Entertech	93.5	Kanungo Fin	12.9	*Coral Newsprint	4.2
*Netfsensex	486.0	*KPT Indu	88.5	*Garg Furnace	11.4	Vani Comm.	4.0
*Avantel	478.9	*CG-Vak Soft	85.2	*Darshan Orna	11.2	Quantum Buil-Te	3.9
Enkei Wheel	384.0	*Saint-Gaobin	75.9	*Retro Green rev	10.5	*Arihant Institu	3.7
Ramco Sys	270.6	*Lasa Supergener	70.4	*J J Finance	10.5	*Guj Investa	3.2
*Tanla Soluts	266.8	*Ashapura	67.3	*IB Infotech	10.3	*Saffron Inds	3.2

* Indicates that the market price of these companies reached two-year highs/lows.

दिन में सबसे ज्यादा चढ़े

Company	Day's high	Close	% chg*	3mth high	52 wk high
NMDC	108.9	107.5	12.0	108.9	139.5
Canara Bank	115.8	114.8	8.8	118.3	234.3
City Union Bk	152.1	150.4	8.5	152.1	249.0
IndusInd Bank	666.1	656.6	8.4	666.1	1596.4
